तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 14.2 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

[बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया]




## खबर संक्षेप

### डियो गिरने से 3 घंटे बंद रही बिजली

**बिलासपुर।** बिजली की खराबी के चलते लोगों को सुबह से परेशान होना पड़ रहा है। रविवार को सरजू बगीचा गली, राधा कृष्ण मंदिर, मसानगंज रोड के आसपास के क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से बिजली बंद रही। इस दौरान ट्रांसफार्मर का डियो गिर गया था। इसी सूचना बिजली कर्मचारियों को दी गई। करीब 3 घंटे के बाद बिजली सप्लाई नार्मल हो सकी। खास बात यह है कि इस दौरान लोगों को पीने के पानी के लिए जूझना पड़ा।

### एक ही दिन में गिरा 2 डिग्री पारा

**बिलासपुर।** धीरे-धीरे ही सही ठंड तेवर दिखाने लगी है। शनिवार से रविवार के बीच महज 1 ही दिन में तापमान में 2 डिग्री की कमी देखी गई है। शाम और सुबह के समय ठंड का एहसास लोगों को गुदगुदा रहा है। खास बात यह है कि इस दौरान लोगों के गर्म कपड़े निकल चुके हैं। रात 10 बजे के बाद ठंडक में इजाफा हो जाता है। जहां शनिवार को अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा, वहीं रविवार को यह घटकर 27.0 डिग्री दर्ज किया गया, इसी प्रकार न्यूनतम तापमान भी 16.8 से 14.2 डिग्री दर्ज किया गया है।

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 14 तक

**बिलासपुर।** अरपांचल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित जबड़ापारा के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियों का निराकरण कर सूची का अंतिम प्रकाशन 14 नवम्बर को किया जाएगा।

### राज्योत्सव समाप्त गंदगी रह गई



**बिलासपुर।** राज्योत्सव का समापन तो हो चुका है, लेकिन राज्योत्सव के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए पंडालों एवं झांकियों के अवशेष अब पुलिस मैदान में गंदगी के रूप में मैदान की शोभा बढ़ा रहे हैं। शहर के बीच प्रतियोगी परीक्षा के अंतर्गत आयोजित की जाने वाली शारीरिक परीक्षाओं की तैयारी करने ज्यादातर बच्चे यहीं आते हैं। इसके अलावा मैदान में अलग-अलग दलों में न केवल बच्चे, बल्कि बड़ों के द्वारा भी खेल खेले जाते हैं। ऐसे में मैदान पर पंडाल लगाने के दौरान उपयोग की गई कील व लकड़्यों के अवशेष मैदान में ही पड़े हैं, जिससे शारीरिक गतिविधियों के दौरान बच्चों को चोट लगने का खतरा है। हालांकि बच्चे अभी भी मैदान में अपनी दौड़ या अन्य गतिविधियों का अभ्यास कर ही रहे हैं।

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति ने आगामी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के लिए प्री-सिटिंग बुलाई हैं। ये बैठकें मुख्य रूप से बीमा कंपनी और सेवा से संबंधित मामलों के लिए होंगी। बैठकों का उद्देश्य बीमा कंपनियों/विभागीय प्राधिकारियों, संबंधित पक्षकारों के अधिवक्ताओं और पक्षकारों के बीच पूर्व परिचर्चा करना है। बैठक में विभिन्न बीमा कंपनियों के अधिकारी शामिल होंगे। बैठक 11 से 22 नवंबर तक हाई कोर्ट के लीगल एड एंड एडीआर भवन में होगी। अधिक जानकारी हाईकोर्ट के वेबसाइट से ली जा सकती है।

# नगरीय क्षेत्रों में सड़क से 20 व ग्रामीण में 50 मीटर दूरी तक जमीन की कीमत मुख्य मार्ग अनुसार होगी निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी उपबंध लागू
- पांच साल बाद लाया गया नया उपबंध



अलग खबर

राज्य शासन ने अचल संपत्तियों के बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी उपबंध को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड के अनुमोदन पश्चात 7 नवंबर से लागू कर दिया है। शासन ने करीब पांच साल बाद नया उपबंध लाया है, जिसके तहत नगरीय क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से दोनों ओर 20 मीटर दूरी तक व ग्रामीण क्षेत्रों में 50 मीटर दूरी तक स्थित जमीन के बाजार मूल्य की गणना मुख्य मार्ग मानकर की जाएगी।

छत्तीसगढ़ गाइड लाइन दरों का निर्धारण संबंधी उपबंधों के पुनरीक्षण के लिए 7 अक्टूबर को केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड बैठक हुई थी। केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड द्वारा वर्तमान प्रचलित उपबंधों को अतिक्रमित करते हुए संशोधित उपबंध का अनुमोदन किया गया है। बोर्ड द्वारा अनुमोदित उपबंधों को पंजीयन विभाग द्वारा तत्काल प्रभावशील कर दिया गया है। इससे पूर्व वर्ष 2019 में बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी उपबंध लागू किया था। नया संशोधित उपबंध में नगरीय क्षेत्रों में कृषि, परिवर्तित, नजूल, आबादी भूमि के भू-खण्डों का बाजार की गणना किस तरह की जाएगी, यह निर्धारित किया गया है। इसी तरह नगरी क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से 20 मीटर की गहराई दूरी तक स्थित भू-खण्डों को मुख्य मार्ग से लगी मानकर मुख्य सड़क के लिए निर्धारित दर अनुसार बाजार मूल्य की गणना की जाएगी, परन्तु यदि कोई पक्षकार 20 मीटर की दूरी से अधिक तक की भूमि क्रय करता है तब संपूर्ण भू-खण्ड को मुख्य सड़क से लगा हुआ मानकर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्य मार्ग से दोनों ओर 50 मीटर की दूरी तक स्थित भूमि को सड़क से लगी मानकर उसके लिए निर्धारित दर अनुसार बाजार मूल्य की गणना की जाएगी, लेकिन कोई पक्षकार 20 मीटर की दूरी से अधिक गहराई तक की भूमि क्रय करता है तो संपूर्ण भूमि की मुख्य सड़क से लगा हुआ मानकर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी।

### किस भूमि को माना जाएगा मुख्य मार्ग

मुख्य सड़क से अचल संपत्ति की दूरी की माप, सड़क के दोनों छोर राईट ऑफ वे सड़क से लगे सर्विस लेन, फुटपाथ, नाली होने पर उसे शामिल कर कुल चौड़ाई के पश्चात से की जाएगी। नगरीय क्षेत्र के लिए गाइड लाइन में उल्लेखित समस्त मार्ग मुख्य मार्ग कहलाएंगे। ग्रामीण क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य राजमार्ग, मुख्य जिला मार्ग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क, मुख्यमंत्री सड़क, लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सउक़ मुख्य मार्ग मानी जाएगी। उपरोक्त के अतिरिक्त राईट ऑफ वे को दृष्टिगत रखते हुए 18 मीटर, 60 फीट या इससे अधिक चौड़ी सड़क मुख्यमार्ग मानी जाएगी।

### औद्योगिक इकाई और ओवरब्रिज फ्लाईओवर के करीब भूमि की गणना

ऐसी जमीन जो मुख्य मार्ग से अंदर स्थित हो, किन्तु उसका उपयोग व्यवसायिक, औद्योगिक प्रयोजन के लिए किया जा रहा हो। उस जमीन की दर उस क्षेत्र के लिए निर्धारित दर में 25 प्रतिशत वृद्धि कर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। किसी उद्योग, औद्योगिक इकाई, प्लांट, फैक्ट्री, मिल, पेट्रोल पंप आदि किसी भी प्रकार की औद्योगिक व्यवसायिक संपत्ति अंतरण होने पर उसका मूल्यांकन पंजीयन विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त वैल्यूअर द्वारा आंकलित मूल्य या प्रतिफल जो भी अधिक होगा वह मान्य होगा। ओव्हरब्रिज तथा फ्लाईओवर के नीचे या उसके दोनों तरफ प्रभावित मार्ग की सीमा तक बाजार मूल्य में 20 प्रतिशत की कमी कर बाजार मूल्य की गणना की जाएगी। लेकिन इसके लिए पंजीयन अधिकारी द्वारा उक्त संपत्ति का स्थल निरीक्षण कर तथ्यों का सत्यापन किया जाएगा।

### किया गया है अनुमोदन

छत्तीसगढ़ गाइड लाइन दरों का निर्धारण नियम के प्रावधानों के तहत बाजार मूल्य निर्धारण संबंधी उपबंधों का पुनरीक्षण करते हुए केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड ने संशोधित उपबंध का अनुमोदन किया है। शासन द्वारा संशोधित अनुमोदित उपबंधों को लागू कर दिया गया है। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के भू-खण्डों की दर गणना निर्धारण कर दिया गया है।

**- राजीव स्वर्णकार,** जिला पंजीयक

### चौक से दांई और बांई ओर 60-60 फीट चौड़ी सड़क बन रही, 20-20 फीट की नाली और फुटपाथ भी बनेगा

### चौक से दयालबंद पुल सड़क होगी चौड़ी, अपोलो से अमरैया चौक, चांटीडीह सब्जी मंडी होते हुए रपटा में जुड़ेगी

10 करोड़ के काम पहले से जारी





# बसंत विहार चौक होगा बड़ा, गार्डन व वेंडिंग जोन भी बनेगा, 5 करोड़ का प्रस्ताव शासन को भेजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बसंत विहार चौक से अपोलो चौक और यहां से हॉस्पिटल होते हुए मानसी लॉज तक का कब्जा हटाते हुए निगम ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। यहां 10 करोड़ में विभिन्न योजनाओं को लांच किया जाएगा। इनका टेंडर जारी करते हुए वर्क आर्डर भी दे दिया गया है। वसंत विहार से अपोलो चौक तक 80 फीट सड़क बनेगी। इसके साथ ही 20 फीट में नाली व फुटपाथ भी बनाया जाएगा। साथ ही अपोलो अस्पताल से रपटा तक की तीन किमी की सड़क 70 फिट की होगी और दोनों तरफ नाली बनेगी। बसंत विहार चौक में बड़ा गार्डन बनेगा तो इसके बगल से ही वेंडिग जोन बनाया जाएगा। इसके लिए अलग से 5 करोड़ रुपए का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

ध्यान रहे कि मास्टर प्लान में वसंत विहार तिराहे से दयालबंद पुल तक सड़क 120 फीट और अपोलो हॉस्पिटल के सामने की सड़क 80 फीट चौड़ी है। अतिक्रमण करते हुए दुकानें और मकान बना लिए गए थे। इस कारण आसपास की सभी सड़कें बेहद संकरी हो गई हैं। इस वजह से सालों से इस सड़क पर ट्रैफिक जाम की समस्या हो रही थी। खासकर अपोलो हॉस्पिटल जाने मरीजों को बाने परेशानी उठानी पड़ती थी। बेजा कब्जा करने वालों को कई बार नोटिस जारी हो चुका था, लेकिन राजनैतिक संरक्षण में कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। हाईकोर्ट ने जब संज्ञान लिया तो निगम और प्रशासन हरकत में आया। यहां के अधिकांश कब्जे और अतिक्रमण हटा लिए गए हैं।

### मास्टर प्लान के हिसाब से बनेगी सड़क

अब नगर निगम अपोलो के सामने की सड़क पर बेहतर ट्रैफिक के लिए डिवाइडर बनाकर दोनों और 40-40 फीट की सड़क बना रहा है। निगम का कहना है कि मास्टर प्लान के हिसाब से यहां सड़क बन रही हैं। वसंत विहार चौक से अपोलो चौक तक 120 फीट चौड़ी सड़क बनेगी। चौक से दाई और बाई ओर 60-60 फीट चौड़ी सड़क होगी, 20-20 नाली और फुटपाथ समेत यह 80-80 फीट चौड़ी होगी। इसके साथ ही अपोलो चौक से दयालबंद पुल और अपोलो हॉस्पिटल-मानसी लॉज से आगे चिंगराजपारा होते हुए रपटा तक कब्जे हटाए जा रहे हैं। मास्टर प्लान के अनुसार यहां भी 80 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएंगी। इससे वसंत विहार चौक से दयालबंद पुल तक शहरवासियों को चौड़ी सड़क मिलेगी। इधर मानसी लॉज के आगे सड़क अमरैया चौक, चांटीडीह सब्जी मंडी होते हुए रपटा में जाकर जुड़ेगी।

### चौक होगा बड़ा क्योंकि 6 सड़कें मिलती हैं

निगम के मुताबिक सबसे पहली प्राथमिकता चौड़ी सड़क की है। बसंत विहार चौक को बड़ा भी किया जाएगा क्योंकि यहां 6 सड़कें मिलती हैं। सभी सड़कें भविष्य के लिए और महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वेंडिग जोन और गार्डन का भी प्लान है। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक में दयालबंद, मोपका, सरकंडा, बहतराई के साथ ही दूसरी सड़कें भी मिलती हैं इसलिए इसे चौड़ा करना आवश्यक है। यहां अक्सर जाम की शिकायत रहती है। निगम के मुताबिक रपटा से वसंत विहार चौक तक कुल 2.25 किलोमीटर लंबी सड़क बनेगी। यह सड़क बनने से करीब दो लाख आबादी को फायदा होगा। खासकर अपोलो हॉस्पिटल आने-जाने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

### 80 लाख में बनेगी 80 फीट चौड़ी सड़क

जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा के मुताबिक मौके पर किसी ने 80 फीट चौड़ी सड़क में किसी ने 30 तो किसी ने 40 फीट तक कब्जा किया हुआ था। कई लोगों ने 10 से 15 दुकानें भी बना ली थी और किराए पर दे दिया था। इन सभी कब्जों को तोड़ दिया गया है। जोन कमिश्नर ने बताया कि अपोलो चौक से मानसी लॉज तक सड़क चौड़ीकरण के लिए साल भर पहले ही टेंडर हो चुका है। ठेकेदार को 80 लाख रुपए का वर्क आर्डर भी जारी कर दिया गया है।

### सड़कें भविष्य के लिए महत्वपूर्ण

सबसे पहली प्राथमिकता उस क्षेत्र में चौड़ी सड़क की है। बसंत विहार चौक को बड़ा भी किया जाएगा, क्योंकि यहां 6 सड़कें मिलती हैं। सभी सड़कें भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है।

**- अमित कुमार**
निगम आयुक्त

### सिंचाई विभाग कोटा डिवीजन के दबेना एनीकट का मामला

# कार्य पूर्ण होने के पहले एपीएस के 53 लाख का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- 5.20 करोड़ की लागत से बन रहा एनीकट

सिंचाई विभाग कोटा डिवीजन के अंतर्गत दबेना एनीकट के निर्माण का ठेका लेने वाले ठेकेदार को गलत तरीके से एपीएस की राशि का भुगतान करने का मामला सामने आया है। अतिरिक्त सुरक्षा निधि का भुगतान कार्य पूर्ण होने के बाद किया जाता है, लेकिन ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने के पहले ही गलत तरीके से 53 लाख रूपए का भुगतान कर दिया गया।

जल संसाधन संभाग कोटा अंतर्गत 5.20 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे दबेना एनीकट के निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है। एनीकट का निर्माण करने वाली कंपनी श्रृंगार कंस्ट्रक्शन्स के ठेकेदार को तत्कालीन कार्यपालन अभियंता एवं मुख्य अभियंता द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा निधि का भुगतान कार्य पूर्ण होने के पहले ही कर दिया गया। अतिरिक्त सुरक्षा निधि वह राशि है, जो ठेकेदार से किसी कार्य को ठेके की निधारित दर से एबव या अधिक दर पर लेने की स्थिति में विभाग में जमा कराई जाती है। कार्य पूर्ण हो जाने एवं विभाग द्वारा ठेकेदार के कार्य से संतुष्ट होने की स्थिति में यह राशि संबंधित ठेकेदार को वापस लौटा दी जाती है।

इसके विपरीत दबेना एनीकट के मामले में कार्य पूर्ण होने के पहले ही ठेकेदार को व्यक्तिगत लाभ देते हुए जून 2024 में एपीएस राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि एनीकट का निर्माण अभी पूरा हुआ है।

### सरकार को सीधा नुकसान

ठेकेदार द्वारा किया जा रहा कार्य किसी कारणवण अपूर्ण रहता है, या ठेकेदार बीच में ही काम छोड़कर भाग जाता है, या फिर निर्माण की गुणवत्ता कमजोर पाई जाती है तो विभाग एपीएस राशि को जब्त करते हुए उसी राशि से निर्माण में हुए नुकसान की भरपाई कर सकता है। इसके विपरीत समय से पहले ही एपीएस की राशि का ठेकेदार को भुगतान कर देने से बाद के सारे काम सरकार के जिम्मे ही आ जाएंगे, जो सीधे-सीधे सरकार का आर्थिक नुकसान है।

### जशपुर में ऐसे ही मामले में हुई थी अधिकारी पर एफआईआर

मांड नदी पर सुसडेगा व्यपवर्तन योजना में तत्कालीन कार्यपालन अभियंता द्वारा नियमों की अवहेलना करते हुए 2.93 करोड़ की एपीएस निधि ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने के पहले ही वापस कर दी गई थी। मामले की जानकारी होने के बाद प्रमुख अभियंता रायपुर के निर्देशानुसार वर्तमान कार्यपालन अभियंता द्वारा थाने में अपराध दर्ज कराया गया था।

### नहीं किया जाएगा फाइनल बिल का भुगतान

दबेना एनीकट में ठेकेदार को कार्य पूर्ण होने के पहले ही 53 लाख रूपए एपीएस राशि के भुगतान की बात सही है, जो कि नियम विरूद्ध है। हालांकि ठेकेदार के द्वारा एनीकट का काम अब पूर्ण किया जा चुका है, लेकिन ठेकेदार द्वारा जब तक एपीएस की राशि विभाग में वापस जमा नहीं कराई जाएगी, तब तक उनके फाईनल बिल का भुगतान नहीं किया जाएगा।

**- डी.जायसवाल,** ईई
जल संसाधन संभाग कोटा

# इंजन का कैमरा खराबः खाली हाथ लौटी प्रयागराज की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


खड़ी मालगाड़ी पर चढ़ गई लोकल ट्रेन, 8 की मौत, 20 घायल, यात्रियों को बचाने के लिए कटर से काटी बोगी

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

- मालगाड़ी से लोकल की टक्कर मामले की चल रही जांच

मालगाड़ी को टक्कर मारने वाली कोरबा-बिलासपुर लोकल मेमू के इंजन और अन्य कोच में लगे कैमरों की जांच करने पहुंची टीम को खराब कैमरों ने दिक्कत पहुंचाई, जिसके कारण टीम बिना कुछ परिणाम निकाले ही प्रयागराज के लिए रवाना हो गई।

हावड़ा से मुम्बई मुख्य रेल मार्ग पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर से रायगढ़ और झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच तीन के स्थान पर चार लाइन के अलावा आटो सिग्नलिंग का काम किया है। इस आटोमैटिक सिग्नल ने कुछ दिन पहले 4 नवम्बर को एक बड़ा हादसा करा दिया। कोरबा से बिलासपुर आ रही लोकल ट्रेन गतौरा से निकलने के बाद शाम को 3 बजकर 59 मिनट पर अप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई, मामले की जांच करने के लिए दक्षिण पूर्व सर्किल कोलकाता के रेल सेफ्टी कमिश्नर बीके मिश्रा बिलासपुर पहुंचे थे, जांच के बाद वे शनिवार की शाम को वापस कोलकाता के रवाना हो गए। क्षतिग्रस्त इंजन और दूसरे कोच में जांच के दौरान टीम को कैमरा, चालक के बैग व मोबाइल सहित अन्य सामान मिले, जिसे जब्त करने के बाद सील कर दिया गया। वहीं कैमरे की जांच करने के लिए शनिवार को प्रयागराज से विशेष टीम बिलासपुर पहुंची। टीम ने सभी कैमरों की चिप लगाकर चेक किया। प्रयागराज की टीम को इंजन में लगाए गए कैमरे खराब मिले, वहीं दूसरे कैमरों से केवल यात्रियों को झटका लगना ही दिखाई दिया।

### 6 माह से खराब था इंजन का कैमरा

मालगाड़ी और लोकल ट्रेन घटना की जांच के दौरान कोरबा से बिलासपुर मेमू के दुर्घटना ग्रस्त रैक के इंजन सहित सभी कोच को चेक किया गया। इस दौरान सभी कोच के साथ इंजन में कैमरा मिला। इंजन का कैमरा 6 माह से बंद था। छह महीने से बंद था इंजन का कैमरा, नए के प्रस्ताव को अकाउंट विभाग ने अटकाकर रखा था। सभी कैमरे चाइनीज कंपनी दहुआ के थे। कैमरों को प्रोजोन कंपनी, जालंधर सिटी ने इस्टाल किए थे।

# दुबई में धार्मिक यात्रा कराने का झांसा देकर 35 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




- 10 लोगों से धोखाधड़ी, दंपती के खिलाफ जुर्म दर्ज

दुबई में धार्मिक यात्रा कराने का झांसा देकर पति - पत्नी ने 10 लोगों से 35 लाख रुपए की ठगी कर ली, उसके बाद कार्यालय बंद कर भाग गए। पुलिस ने दंपती के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तारबाहर निवासी शेख अकरम ने रिपोर्ट लिखाई। कटघोरा निवासी वसीम अली, उसकी पत्नी रेशमा अली वर्ष 2023 में तालापारा तैबा चौक में टूर एण्ड ट्रेव्लर्स का आफिस चला रहे थे। उनके द्वारा समाज के लोगों को दुबई में धार्मिक यात्रा कराई जाती थी। दंपती ने कुछ लोगों का पासपोर्ट वीजा बनकर दुंबई में धार्मिक यात्रा कराया। इससे समाज के अन्य लोगों को उनकी कंपनी पर भरोसा हो गया। शेख अकरम व अन्य 9 लोगों ने दुबई में धार्मिक यात्रा करने के लिए कंपनी को 35 लाख रुपए दिया था। रुपया देने के बाद भी धार्मिक यात्रा नहीं कराने पर लोगों के द्वारा दबाव बनाया। उसके बाद दंपती कंपनी का कार्यालय बंद कर भाग गए। पीड़ितों ने घटना की शिकायत सिविल लाइन थाने में की। पुलिस ने जांच के बाद शेख अकरम की रिपोर्ट वसीम अली, उसकी पत्नी रेशमा अली के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

# अवैध वसूली के मामले में कपिल गिरफ्तार

**बिलासपुर।** हत्या के मामले में जमानत पर छूटे कपिल त्रिपाठी को सिविल लाइन पुलिस ने अवैध वसूली और कर्जा अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइन पुलिस के गजेंद्र शर्मा ने बताया कि रायपुर के कंचना निवासी सुमित सिन्हा ने कपिल त्रिपाठी के खिलाफ अवैध वसूली की शिकायत दर्ज कराई थी। सुमित के अनुसार उसने 2021 में कपिल से कर्ज लिया था, जिसके बाद कपिल ने मनमाने ढंग से प्रतिदिन ब्याज वसूला। प्रताड़ना से परेशान होकर वह बिलासपुर छोड़कर रायपुर रहने चला गया। सुमित के अनुसार, जब कपिल जेल में था, तब उसके गुर्गे अनिमेश शुक्ला ने फोन कर 6 लाख रुपये की मांग की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर पुलिस ने अनिमेश शुक्ला को गिरफ्तार किया था। उस समय कपिल हत्या के मामले में जेल में था। जमानत पर छूटने के बाद पुलिस ने कपिल को अवैध वसूली के मामले में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## खबर संक्षेप

### सीएम साय ने किया जश्ने कादरी कार्यक्रम पोस्टर का विमोचन



**बिलासपुर।** नगर के श्रीकांत वर्मा मार्ग कुंदन पैलेश में 15 नवंबर को नमाजे इशा 9.30 बजे अल जीलानी सूफी कॉन्फ्रेन्स होने जा रहा है। जिसमें महबूबे सुब्हानी, कुत्बे रब्बानी, शैख अब्दुल कादिर, जीलानी हुजूर, गौसे पाक रदी यल्लाहु अन्हु बगदाद शरीफ की खानकाह के मौजूदा सज्जादा नशीन, औलादे अली, फरजन्दे गौसे आज़म अश्शैख अस्सय्यद अफ़्रीफुद्दीन अफीफी मियाँ बगदादी की पहली बार बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आगमन हो रहा है। चिश्तिया रंग फाउंडेशन के संरक्षक डॉ सलीम राज कैबिनेट मंत्री, हाजी इकबाल हक अध्यक्ष चिश्तिया फाउंडेशन, युसूफ हुसैन (बंटी) संरक्षक, फैजान अहमद सेबू उपाध्यक्ष, सैयद इंसान अली, सलाम की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास में पोस्टर का विमोचन कराया गया। साथ ही आमंत्रण किया गया। 15 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में अश्शैख अस्सय्यद, अफीफुद्दीन अफीफी मियाँ आका अलैहिस्सलाम की 33वें और हुजूर गौसे पाक की 19वें वंसज हैं। अफ़्रीफुद्दीन अफीफी मियाँ बगदादी की पहली बार छत्तीसगढ़ में आगमन हो रहा है। 13 नवंबर को छत्तीसगढ़ रायपुर पहुंचेंगे और 14 नवंबर को रायपुर से बिलासपुर के लिए निकलेंगे। 15 नवंबर को अजीमो शान प्रोग्राम में उपस्थित रहेंगे।

### छग राज्य उत्सव रजत वर्ष के समापन समारोह में राजेन्द्र का सम्मान



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य उत्सव रजत वर्ष का समापन समारोह उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन के मुख्य अतिथि तथा छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन ढेका की अध्यक्षता एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अति विशिष्ट अतिथि में हुआ। इसमें छग विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कर कमलों से सांसद बृजमोहन अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल अंबिकापुर की उपस्थित थे। महाराजा अग्रसेन सम्मान 2025 जो की सामाजिक समरसता एवं सामाजिक सेवा विकलांग सेवा के क्षेत्र में विधायक अमर अग्रवाल एवं छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल के सहयोग से छत्तीसगढ़ का सर्वश्रेष्ठ सम्मान राजेंद्र राजू अग्रवाल बिलासपुर को भव्य समारोह रायपुर में प्राप्त हुआ। सम्मान प्रतीक के साथ ही साथ 2 लाख रुपए का सम्मान निधि में प्राप्त हुआ।

### अभा विकलांग चेतना परिषद की राष्ट्रीय संगोष्ठी आज से



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद का 25 वां वार्षिक अधिवेशन आम सभा व 18 वें दो दिवसीय विकलांग विमर्श विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन गीता देवी रामचंद्र अग्रवाल विकलांग अस्पताल अनुसंधान एवं निशुल्क सेवा केंद्र सीपत रोड कोनी बाईपास मोपका के सभागार में हुआ। इसके मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश चंद्रभूषण वाजपेई थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विनय कुमार पाठक ने की। विशिष्ट अतिथि विद्या केडिया, वीरेन्द्र पाण्डेय रायपुर डॉ सुरेश माहेश्वरी अमलनेर थे। मुख्य अतिथि श्री बाजपेयी ने कहा कि जहां निस्वार्थ सेवा भावना से पूरे देश में विकलांगों की सेवा के लिए सलग्न है वहीं विकलांगों की चेतना जागृत करने के लिए विकलांग विमर्श की शुरूआत बिलासपुर की इसी परिषद से होकर विश्व क्षितिज पर भी चर्चित हो रही है। डॉक्टर विनय कुमार पाठक ने कहा कि विकलांगों में चेतना जागृत करने की दृष्टि से विकलांग विमर्श की शुरुआत 21वीं सदी से शुरू हुई और आज देश के अनेक विश्व विद्यालय में इस पर शोध हो रहे हैं। राम निहोर राजपूत ने वंदे मातरम् गीत की प्रस्तुति दी। डॉक्टर हुकुमचंद यादव द्वारा लिखित विकलांग विमर्श :डॉ सुरेश माहेश्वरी का चिंतन नामक ग्रंथ का लोकार्पण किया गया। वहीं विगत 25 वर्षो का वार्षिक प्रतिवेदन की प्रस्तुति मदनमोहन अग्रवाल द्वारा एवं वार्षिक लेखा प्रतिवेदन की प्रस्तुति राजेन्द्र अग्रवाल ने की।

### कंपनी गार्डन में झूले टूटे बच्चों में मायूसी



**बिलासपुर।** शहर के बीच स्थित एवं बच्चों की पहली पसंद कंपनी गार्डन के बाल उद्यान में लगाए गए सारे झूले टूट चुके हैं। बाल उद्यान में अलग-अलग उम्र के हिसाब से बच्चों के लिए विभिन्न आकारों में फिसलपट्टी लगाई है। फाईवर की इन फिसलपट्टियों में महीनों से छेद हो चुके हैं, लेकिन बच्चे फिर भी सम्हलकर इनमें फिसलने का आनंद लेते रहे हैं। इसी तरह उद्यान अन्य झूले भी लगाए गए हैं, जिनके केवल स्ट्रक्चर खड़े हैं, लेकिन उनमें से झूले गायब हो चुके हैं। कुछ हजार रूपए खर्च कर आसानी से मरम्मत हो जाने वाले झूलों के सुधार के लिए नगर निगम प्रशासन को कोई दिलचस्पी नहीं है, जबकि इस उद्यान में सुबह से शाम तक बच्चों व बड़ों की काफी भीड़ रहती है। उद्यान में ऐसे झूले, जो सिर्फ लोहे से बने हैं, वही सही सलामत हैं, लेकिन उनमें छोटे बच्चों को चोट लगने का डर भी बना रहता है।

# खोंदरा बोइपड़ाव पिकनिक स्थल पर फैली गंदगी, विभाग ने चलाई सफाई मुहिम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खोंदरा स्थित बोइपड़ाव के पीछे पिकनिक स्थल पर पर्यटक लगातार गंदगी फैला रहे थे। आग जलाने से लेकर खाने के जूठा, दोना-पत्तल व पालिथिन फेंक दिया जाता है।

इस खूबसूरत स्थल की ऐसी दुर्गति देखकर विभाग बेहद नाराज है। इस गंदगी की वजह से पर्यावरण को होने वाला नुकसान भी है। जिसकी सफाई के लिए बिलासपुर वन परिक्षेत्र की टीम ने एक मुहिम चलाई और इस एरिया को स्वच्छ किया। इसके अलावा पर्यटकों को समझाइश भी दी जा रही है।







### तीन दिवसीय क्रेडाई एक्सपो 2025 का समापन

# क्रेडाई मेला ग्राहकों के लिए लाभकारी : कौशिक







क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2025 के समापन अवसर पर उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कुंदन पैलेस में आयोजित क्रेडाई प्रॉपर्टी एक्सपो 2025 का 9 नवंबर को समापन हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया।

कार्यक्रम में जवाहर सराफ ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। अन्य अतिथियों में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र सवन्नी थे। अजय श्रीवास्तव ने बताया कि तीन दिनों तक चले इस भव्य आयोजन में 1500 से अधिक लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया। 20 से अधिक लोगो ने प्रॉपर्टी बुकिंग्स की गई। इसके अलावा एक्सपो ने बिलासपुर के रियल स्टेट क्षेत्र में विश्वास और पारदर्शिता की नई मिसाल प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि घर, प्लॉट, दुकान, ऑफिस और कमर्शियल स्पेस जैसे रेरा अनुमोदित विकल्पों ने आगंतुकों को एक ही स्थान पर विस्तृत और विश्वसनीय चयन प्रदान किया। क्रेडाई अध्यक्ष सुशील पटेरिया ने बताया कि इस मेले का मुख्य आकर्षक हर घंटे चयनित लोगों को चांदी के सिक्कों का वितरण, जिसने पूरे आयोजन में ऊर्जा और उत्साह बनाए रखा था। उन्होंने बताया कि यह लाभ और पुरस्कार अब 10 दिनों तक जारी रहेगा। ग्राहकों के बढ़ते विश्वास और उत्साह को देखते हुए क्रेडाई बिलासपुर ने घोषणा की है। इसमें हम ग्राहकों को ईवी स्कूटर जीतने का मौका मिलेगा। इसक अलावा फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन सहित कई उपहार दिए जाएंगे। वहीं बुकिंग पर 3 लाख रुपए तक के सुनिश्चित गिफ्ट भी मिलेगा। बुकिंग लाभ और पुरस्कार योजनाए अगले 10 दिनों तक बढ़ाई गई है। इस मेले में क्रेडाई ने एसबीआई जागवार, रियाल स्टेट सहित अन्य प्रोजेक्ट को धन्यवाद ज्ञापित किया है। सुशील पटेरिया ने बताया कि इसमें 10 ग्राहकों को चांदी का सिक्का उपहार में दिया गया। बिल्हा विधायक धरम लाल कौशिक ने क्रेडाई के प्रयास की सराहना करते हुए इसे ग्राहकों के लिए लाभकारी प्रोजेक्ट बताया। आने वाले समय में इसका स्तर और भी व्यापक होगा। इसे ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद मिला। इन्होंने क्रेड़ाई को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया और लीगल प्रोजेक्ट से बिलासपुर सहित आसपास के विकास को गति मिलेगी। क्रेडाई चेयरमैन भूपेन्द्र सवन्नी ने शासन द्वारा अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने का आश्वासन दिया है। लीगल बिजनेस करने वालों को प्रोत्साहित करने की बात कही। ऑफर्स देने वाले डेवलपर्स में जीके मेघनंदन, श्री गणेश आचिंड, एसके बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, स्वर्ण शिखर, अविरल डेवलपर्स, गीतांजलि एरा, उषा वैली, स्वर्ण एरा, दीवान कंस्ट्रक्शन, विजयश्री हेरिटेज, बालाजी अरपा आदि शामिल हैं। अतिथियों का स्वागत जवाहर सराफ, जय गिमनानी, प्रणय राय, गौरव तिवारी,अंकित अग्रवाल, नसीम खान ने किया। विधायक सुशांत शुक्ला ने शासन के कार्यों व रीयल स्टेट में किए गए निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, टैंकराम वर्मा, ओपी चौधरी का आभार व्यक्त किया।

## आरएसएस का शताब्दी वर्ष

# युग प्रवर्तक डा. हेडगेवार संघ सृजन का नाट्य अविष्कार कल

**बिलासपुर।** आरएसएस का शताब्दी वर्ष पर युग प्रवर्तक डा. हेडगेवार संघ सृजन का नाटय अविष्कार 11 नवंबर को शाम 5.30 बजे से इंडोर स्टेडियम खेल परिसर बहतराई में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के माधव प्रेरणा केन्द्र एवं डा. हेडगेवार नाट्य मंचन समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरुण साव होंगे। समारोह के विशिष्ट अतिथि भागवताचार्य मदनपुर गया प्रसाद व्यास, तेंदुआ के प्राचार्य गोपाल ध्रुव, समाज सेविका ज्योति अग्रवाल, संघ चालक डा. राजकुमार सचदेव होंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक डा. विनोद तिवारी, सह संयोजक डा. ललीत माखीजा, सचिव पुणेन्दू भट्ट, प्रफुल्ल शर्मा होंगे। कार्यक्रम संयोजक डा. विनोद तिवारी ने बताया कि शताब्दी पूर्व 1625 में राष्ट्रीय स्वयंशेवक संघ का निर्माण हुआ। उसके पूर्व इस संगठन का स्वरूप कैसा होगा और यह कितना चिरंतन होगा इसका चिंतन जिस महापुरुषने किया वह थे युगप्रवर्तक डॉक्टर केशव बलीरामपंत हेडगेवार। उनका कहना था की ध्येय के लिए हुतात्मा बनना निःसंदेह सन्माननीय तथा स्पृहणीय बात है, किंतु उस से भी कठिन बात है संपूर्ण जीवन, जीवन का प्रत्येक क्षण केवल ध्येय की साधना में लगाना। हम समझते है की आद्य सरसंघ चालक डॉक्टर हेडगेवार के विचार आज भी कितने प्रासंगिक है। विश्व जब भौतिकता का चरम अनुभव कर निराश हो रहा है तब हमे मानवता को संजिवित करना है। उन्होंने कहा कि भारत मां के सभी सुपुत्र और सुपुत्रियों के लिए इस प्रेरणादायी मंचन को अवश्य देखना चाहिए। अपने आपको राष्ट्रोत्थान के कार्य मे जोड देना चाहिए। आपका हर क्षण राष्ट्र के कारण समर्पित कर दो तो फलस्वरूप आपकी हर मनोकामना हमारी मातृभूमि पूर्ण करेगी ये हमारा विश्वास है। श्री तिवारी ने कहा कि आज के युवाओं में राष्ट्र सर्वतोपरी की राष्ट्र चेतना को जगाने का यह अत्यल्प प्रयास है। हम साथ चले, अपने कंधोपर दायित्व ले और भारत मां का मस्तक गर्व से उन्नत करें। उन्होंने 11 नवंबर को आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।



# बिलासपुर से कम हुई दिल्ली की फ्लाइट इधर रायपुर से टिकट के दाम बढ़े



**बिलासपुर।** विंटर शेड्यूल में अलायंस एयर ने दिल्ली की उड़ान कम कर दी है। हफ्ते में महज 3 दिन ही फ्लाइट चल रही है। इसका सीधा असर रायपुर से उड़ने वाली फ्लाइट पर पड़ रहा है, यात्रियों की संख्या में इजाफा होने के बाद एयरलाइन्स कंपनियों फ्लैसी किराया वसूल रहे है। जानकारों के मुताबिक 5 से 6 हजार रूपए में मिलने वाली टिकटें दोगूनी राशि पर मिल रहे हैं।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति के सदस्यों ने कहा कि दिल्ली के लिए नागपुर तक ट्रेन से सफर कर 5 हजार में फ्लाइट का टिकट मिल जाता है, लेकिन ट्रेनों की अनियमितता के कारण यात्रियों को हलाकान होना पड़ता है। धरने में बैठे सदस्य ने कहा कि रात 9 बजे की फ्लाइट से नागपुर से दिल्ली जाना था, कोलकाता की ओर से आने वाली समरसता एक्सप्रेस, आजाद हिंद एक्सप्रेस, अहमदाबाद एक्सप्रेस, हापा एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें 4 से 8 घंटे देरी से चल रही है, ऐसे में फ्लाइट नहीं पकड़ी जा सकेगी। शेड्यूल के अनुसार अलाइंस एयर ने शनिवार, रविवार और सोमवार को दिल्ली की उड़ान बंद कर दी गई है, यह निर्णय अव्यवहारिक है। हफ्ते में महज 3 दिन ही दिल्ली की उड़ान उपलब्ध हो रही है। धरने में रवि बनर्जी, रामशरण यादव, नारद श्रीवास,अमर बजाज, शिरीष, केशव गोरख, मजहर खान, मोहन जायसवाल, प्रतीक तिवारी, आशुतोष शर्मा,अखिल अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल रहे। सदस्यों का धरना उक्त मांगों को लेकर काफ समय से चल रहा है।

# गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस पर सिम्स में कार्यशाला



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान में गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस पर 1 दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य चिकित्सा अनुसंधान से जुड़े पेशेवरों, शोधकर्ताओं तथा विद्यार्थियों को नैतिक और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित करना है, खास बात यह है कि पीजी की स्टूडेंट इस कार्यशाला के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए प्रशिक्षित होते हैं।


कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीन डा. रमणेश मूर्ति रहे। उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने कहा कि गुड क्लिनिकल प्रैक्टिस का पालन न केवल शोध की गुणवत्ता को बढ़ाता है बल्कि प्रतिभागियों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करता है। इस अवसर पर एम्स रायपुर के विषय विशेषज्ञों डॉ नितिन गायकवाड़, डॉ योगेन्द्र कुमार,डॉ पुगाडैनथन, डॉ संजीव कांत ने क्लिनिकल ट्रायल की विभिन्न प्रक्रियाओं, नियामक आवश्यकताओं, नैतिक समीक्षा, दस्तावेजीकरण, प्रतिभागियों की सहमति तथा डेटा अखंडता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

कार्यशाला का समापन डॉ मोनिका साहू के आभार ज्ञापन से हुई। इस कार्यशाला का आयोजन फार्मोकोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ श्रेया तोड़ी के मार्गदर्शन मे किया गया। इस विभाग के सभी संकाय सदस्यों की सहभागिता रही। इसमें डॉ बीपी सिंह, डॉ मधुमिता मूर्ति, डॉ अर्चना सिंह, डॉ संगीता रमन जोगी, डॉ हेमलता ठाकुर सहित अन्य डाक्टर उपस्थित रहे।

# द हेरिटेज प्राइम- यूनिसेक्स फैमिली सैलून आपकी सुंदरता, हमारी ज़िम्मेदारी

**बिलासपुर।** आज के समय में हर कोई चाहता है कि वह स्मार्ट, स्टाइलिश और आत्मविश्वासी दिखे। इसी सोच को ध्यान में रखते हुए "द हेरिटेज प्राइम -यूनिसेक्स फैमिली सैलून" लेकर आई है नगर की प्रियाक्षी शाह बैंगलोर से प्रशिक्षित है। जो आपके लिए ब्यूटी और ग्रूमिंग की पूरी दुनिया एक ही छत के नीचे लेकर आई है।

यह सैलून हर उम्र और जेंडर के लोगों के लिए है। चाहे पुरुष हों महिला या युवा, यहां हर किसी के लिए प्रोफेशनल सेवाएं उपलब्ध हैं। यहां हेयर कट - ट्रेंडी और क्लासिक दोनों तरह के हेयरस्टाइल, आपकी पर्सनैलिटी के अनुसार, हेयर कलर – ब्रांडेड और सेफ कलरिंग प्रोडक्ट्स के साथ जो बालों को दें नया लुक और चमक, हेयर स्पा व ट्रीटमेंट्स – बालों की गहराई से देखभाल, जिससे बाल बने मजबूत, मुलायम और शाइनिंग। स्किन केयर में फेशियल, क्लीनअप और ग्लोइंग स्किन ट्रीटमेंट्स जो त्वचा को दें नई जान। बॉडी पॉलिशिंग पूरे शरीर की स्किन को बनाए मुलायम, फ्रेश और दमकती हुई।मैनिक्योर व पेडिक्योर – हाथों और पैरों की खास देखभाल जो दे रिलैक्स और साफ-सुथरा लुक साथ ही नेल आर्ट पर्सनैलिटी को निखारने के लिए ट्रेंडी और क्रिएटिव डिज़ाइन है।



## बिजनेस प्लस

हमारे सभी वर्कर मुंबई बैंगलोर से ट्रेनिंग लेकर आए हुए हैं। जिनके पास प्रोफेशनल एक्सपीरियंस और मॉडर्न ब्यूटी टेक्निक्स का ज्ञान है। यह मुंबई संस्था की ब्रांच है, इसलिए यहाँ की सेवाएँ और स्टैंडर्ड्स शहर के टॉप लेवल सैलून की तरह हैं। हमारा वादा है हम न सिर्फ आपके लुक को बदलते हैं, बल्कि आपके आत्मविश्वास को भी नया रंग देते हैं। एक बार "द हेरिटेज प्राइम - यूनिसेक्स फैमिली सैलून" मंगला चौक में सहभागिता प्रदानकर महसूस करें।

# निकायों में राजस्व वसूली पर होगी निगरानी संभाग के लिए 10 सदस्यीय कमेटी गठित

**बिलासपुर।** राज्य सरकार ने नगरीय निकायों में राजस्व वसूली की रफ्तार बढ़ाने और पारदर्शिता बनाए रखने संभागवार मॉनिटरिंग कमेटियों का गठन किया है।

इन समितियों का काम अपने-अपने संभाग के सभी नगरीय निकायों की वसूली की नियमित समीक्षा और निगरानी करना है। इसमें बिलासपुर संभाग के लिए 10 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है, जो यहां के सभी नगरीय निकायों में राजस्व वसूली की प्रगति पर नजर रखेगी। बिलासपुर संभाग की कमेटी में क्षेत्रीय कार्यालय के सहायक संचालक रत्नेश पैकरा को प्रमुख सदस्य बनाया गया है। उनके साथ नगर निगम बिलासपुर के राजस्व अधिकारी मनीष पात्रे, सहायक लेखाधिकारी नरेश देवांगन और कंप्यूटर ऑपरेटर अनिता गोंड शामिल हैं। इसके अलावा नगर पालिका रतनपुर से पुष्पेंद्र सिंह, नगर पालिका बोदरी से भूपेश सिंह और योगेश चौहान, नगर पंचायत मल्हार से मिथलेश श्रीवास, पथरिया से संजीता अस्थाना, बिल्हा से अरुण विश्वकर्मा को सदस्य बनाया गया है।

- **सभी नगरीय निकायों में राजस्व वसूली की प्रगति पर नजर रखेगी**


### वसूली में सुधार लाना बकाया को गति देंगे

यह टीम संभाग के सभी नगरीय निकायों की राजस्व वसूली का आंकलन करेगी और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करेगी। इसी तरह रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर संभागों में भी अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। राज्यभर में कुल 184 नगरीय निकाय हैं, जिनमें इन समितियों के माध्यम से राजस्व वसूली की निगरानी की जाएगी। इसका उद्देश्य वसूली में सुधार लाना, बकाया वसूली को गति देना और निकायों की वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाना है। बता दें कि बीते वित्तीय वर्ष में नगर निगम बिलासपुर ने रिकॉर्ड 100 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व वसूली की थी। इस सफलता को देखते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए 110 करोड़ रुपए से अधिक वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### राय संभाग और चौहान जिला कोआर्डिनेटर नियुक्त

**बिलासपुर।** नेशनल टैलेंट हंट प्रवक्ता चयन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रक्रिया प्रारंभ प्रदेश में कमेटियों का गठन करने अभय नारायण राय संभाग कोऑर्डिनेटर अनिल सिंह चौहान जिला कोऑर्डिनेटर बनाए गए। अखिल भारती कांग्रेस कमेटी संचार विभाग द्वारा पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें जिला प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रतिभागियों को भी मिलेगा। जिसका औपचारिक शुरुआत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा किया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन करने प्रदेश स्तर जोन (संभाग )स्तर एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम को चलाने हेतु समन्वयक नियुक्त किए गए हैं। पूरे प्रदेश को पांच जनों में बांटा गया है और जॉन स्तर पर भी प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

# बिहार चुनावः कांग्रेस प्रत्याशी का प्रचार करने पहुंचे उपवेजा



**बिलासपुर।** बिलासपुर के कांग्रेस नेता प्रतीक उपवेजा ने बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी जय सिंह के समर्थन में ज़ोरदार प्रचार अभियान चलाया है। बगहा विधानसभा क्षेत्र में हुए इस जनसंपर्क अभियान में लोगों की भारी भीड़ जुटी, जिसने कांग्रेस के पक्ष में एकजुटता का संदेश दिया।

श्री उपवेजा ने बगहा विधानसभा के कई इलाकों में जनसभाएं और पदयात्राएं कर मतदाताओं से कांग्रेस को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। प्रचार के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी जय सिंह के समर्थन में ज़ोरदार नारे लगे, वहीं स्थानीय नागरिकों ने परिवर्तन और विकास की राजनीति का समर्थन जताया। इस मौके पर पूर्व बिहार मंत्री मुकेश साहनी और कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार भी मंच पर मौजूद रहे। दोनों नेताओं ने कांग्रेस प्रत्याशी जय सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। बिलासपुर कांग्रेस नेता श्री उपवेजा ने कहा - "बिहार में परिवर्तन की लहर चल रही है। जनता विकास, शिक्षा और सम्मान की राजनीति चाहती है, और कांग्रेस ही उस उम्मीद पर खरी उतर सकती है। श्री उपवेजा ने कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप सिंह के बेटे आकाश सिंह से भी मुलाकात की, जो दो बार सांसद चुनाव लड़ चुके हैं। इस दौरान उन्होंने संगठनात्मक मजबूती और युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। श्री उपवेजा का कहना है कि कांग्रेस देश की एकता, भाईचारे और प्रगतिशील सोच की पार्टी है, और अब जनता भी बदलाव का मन बना चुकी है।

## पॉलिटिक्स प्लस



धर्म-क्षेत्र

## प्रकाश उत्सव : सद्गुरु बाबा के स्वरूप की स्थापना



**बिलासपुर।** मैहड़ दरबार तोरवा में गुरु नानकदेव का 556 वां प्रकाश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान सद्गुरु बाबा दयाल दास व आत्माराम साहिब के स्वरूप की स्थापना की गई। पर्व के उपलक्ष्य में एक सप्ताह से पहले प्रतिदिन प्रभात फेरी निकाली जा रही थी। इसका समापन पर संत नारायण दास साहेब के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि नगर भ्रमण कर वापस दरबार साहिब में समापन हुई। इसके बाद बाबा दयाल दास साहिब, बाबा आत्माराम साहिब के स्वरूप स्थापना के पूर्व हवन एवं प्राण-प्रतिष्ठा की गई।सभी भक्तों के लिए आम भंडारा का आयोजन किया गया। शाम को महिला मंडल ने श्री सुखमणि साहिब का पाठ किया। रात्रि में संत नारायण दास साईं ने भजन कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। विश्व गुरु श्री गुरुनानक देव साहेब की डोली उतारी गई। भव्य आतिशबाजी की गई।नारायण सांई ने ज्ञानवर्धक कई प्रसंग सुनाया और कहा कि इस पूरी कहानी का सार यही है कि व्यक्ति सत्य मार्ग व धर्म की राह पर चलता है। गुरु का नाम सिमरन जपता है। वही व्यक्ति यहां और ऊपर में भी सुखी हो सकता है यानी लोक-परलोक संवर जाएगा। हमेशा अच्छा सोचे। अच्छा काम करें और प्रभु का सिमरन नाम जरूर जपे। अंत में केक काट कर प्रभु को भोग लगाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मैहड़ दरबार बिलासपुर के सभी सदस्यों एवं महिला विंग का विशेष सहयोग रहा।

# माताओं के साथ बच्चों की भी हुई परीक्षा तीन घंटे तक सेंटर के बाहर इंतजार

व्यापमं ने ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं पुरुष के पदों पर भर्ती के लिए रविवार को सुबह एक की पाली में परीक्षा का आयोजन किया। बिलासपुर में 7 केन्द्रों में परीक्षा हुई, परीक्षा सेंटर में बड़ी संख्या में महिला परीक्षार्थीयों ने परीक्षा दिलाई जहां आनोखा ही दृश्य दिखा। परीक्षा सेंटर के बाहर अभ्यर्थी के साथ आए पिता ने बच्चों को गोद में रखे तीन घंटे तक इंतजार किया। माताओं को दोहरी परीक्षा का सामना करना पड़ा और इसमें बच्चों की भी परीक्षा हुई।



### मां को बाहर आते देख बच्चों के चेहरे खिले

परीक्षा सेंटर में रविवार को जब बड़ी संख्या में माताएं परीक्षा देकर निकल रही थी तो गोद में लिए खड़े उनके अभिभावक भी परीक्षा खत्म होते ही राहत की सांस ली। मां को देख बच्चों के चेहरे खिल गए, यह मार्मिक दृश्य हर को मोहित कर गया माताओं ने बच्चों को निकलते ही खूब दुलार किया।

**व्यापमं ने ली ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की परीक्षा**

### बच्चों का दांत निकलना व जलने के प्राथमिक उपचार पर प्रश्न

परीक्षार्थियों ने बताया कि दो घंटे की यह परीक्षा 100 अंक की ली गई,जिसमें वन फोर्थ माइनस अंक भी था। इसमें बच्चों का दांत निकलना कब शुरू होता, भारत में पौषण सबंधित समस्याएं,जलने पर प्राथमिक उपचार पर पहला कदम, सर्वाईकल कैंसर जागरूकता बढाने उपयुक्त क्या है। जैसे प्रश्न पूछे गए इसी तरह स्तनपान की प्रक्रिया,रक्त के थक्के को रोकने वाली दवाई का नाम पूछा गया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक चली,केन्द्रों में साढ़े दस बजे ही प्रवेश ले लिया गया था। इस परीक्षा के लिए 2059 अभ्यर्थियों ने आवदेन किया था जिसमें 1643 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलवाई, 416 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थियों ने बताया की दो घंटे की इस परीक्षा में प्रश्नपत्र हल करने में समय कम पड़ गया, अधिक समय अधिक मिलता तो पेपर और भी अच्छा हल होता। पूछे गए प्रश्न आसान थे, कथन सत्य करते वाले जैसे प्रश्नों ने ही थोड़ा परेशान किया। व्यापमं के सख्त निर्देशों के तहत परीक्षार्थियों को कड़ी सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ा। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, स्मार्ट घड़ियों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस की तो जांच हुई ही, कुछ महिला परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले कान की बालियां व डार्क दुपट्टा तक रखना पड़ा।





आयोजन

## गायत्री प्रज्ञापीठ सकरी में होगी प्रज्ञा पुराण कथा



**बिलासपुर।** गायत्री प्रज्ञापीठ सकरी की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय प्रज्ञा पुराण कथा एवं नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 21 से25 नवंबर तक सकरी पुलिस थाना के पास मुख्य मार्ग प्रांगण में रखा गया है। इसमें प्रतिदिन साढ़े 8 से 11 बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं अपरान्ह 3 से 7 बजे तक प्रज्ञापुराण कथा का वाचन किया जाएगा । प्रज्ञा पुराण के कथावाचक के रूप में गायत्री शक्तिपीठ वाराणसी के अनिलेश तिवारी भोलेश्री टोली का आगमन हो रहा है। मनुष्य में देवत्व का अवतरण कराने के उद्देश्य से युगऋषि, युगदृष्टा, वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने इस कलिकाल में 19वें पुराण प्रज्ञा पुराण की रचना की, जो चार खंडों में प्रकाशित है। नारदजी ने यह कथा महाकाल, महाकाल ने ऋषि परशुराम, परशुराम ने दादा गुरु सर्वेश्वरानंद और दादा गुरु ने पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य को सुनाई। जिन्होंने हम सब तक इसे पहुंचाने के लिए इसे प्रकाशित कराया। भूमिपूजन कार्यक्रम उपजोन के सह समन्वयक रामकुमार श्रीवास, गणेश श्रीवास, द्वारिका पटेल, उधोराम प्रजापति की टोली ने संपन्न कराया। कार्यक्रम में मोहन अग्रवाल, जागेश्वर साहू, त्रिभुवन साहू , पी.एल. कुर्मी, ब्लॉक समन्वयक साधुराम कौशिक, उधोराम प्रजापति, सोनसाय साहू, बृजेश साहू, नंदिनी पाटनवार, रामगोपाल कश्यप जुटे हुए हैं।

**निकाली गई विसर्जन शोभायात्रा, समाज के लोग हुए शामिल**

अरपांचल देवांगन महिला संगठन के तत्वावधान में देवांगन समुदायिक भवन डबरीपारा में चार दिवसीय मॉ परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने सपरिवार भाग लेकर माता परमेश्वरी का दर्शन, पूजन किया। पांचवें दिन रविवार को प्रातः पूजन, हवन, तर्पण, सहस्त्रधारा के बाद दोपहर में विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई।

# परमेश्वरी महोत्सव पर हवन व सहस्त्रधारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

समाज के लोगों ने बताया कि माता रानी का भव्य आगमन बम्हर मंदिर मातारानी के मंहार तक हुआ। दूसरे दिन प्रतिष्ठा पूजन कर संध्या आरती की गई। रात्रि 8 बजे से माता का जगराता हुआ। इसमें भक्तिमय गीत गाए गए। तीसरे व चौथे दिन सुबह पूजन कर दोपहर से शाम तक संगीतमय भक्तिज्ञान देवी कथा सत्संग पं. महेश तिवारी ने किया। संध्या आरती के बाद रात्रि माया पंडवानी बिलासपुर की दूजनवाई ने पंडवानी की प्रस्तुति दी। चौथे दिन सम्मान समारोह भी हुए। इसमें समाज के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया गया। पांचवें दिन समापन पर रविवार को एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो कि मंडप से साइंस कॉलेज, अशोक विहार, स्कूल चौक से अमरैच्या चौक, परमेश्वरी चौक, रामायण चौक से मुड़ते हुए डबरीपारा तालाब पहुंच कर विसर्जन किया गया। संध्या 7 बजे से प्रसाद वितरण किया गया। विनीत मॉ परमेश्वरी महोत्सव समिति चांटीडीह रही।






**इनका रहा सहयोग :** कार्यक्रम को सफल बनाने में टी शिवचंद देवांगन, भूपेंद्र, महेंद्र, पवन, विजय, पुनीत, भोला, मोनू, शंकर, सुलोचनी, तिलोत्तमा, सुरेश, संतोष, रोशन, श्रुति, उषा, कुंती, शेखर, राकेश, मुन्ना, चांद, सोनू, पप्पू, सुरेश, भुवन, दिलीप देवांगन सहित समाज के अन्य सभी लोगों का सहयोग रहा।

# समय का सदुपयोग ही सच्ची कमाई





प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, बिलासपुर की मुख्य शाखा, टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित राजयोग भवन में ब्रह्माकुमारीज मुख्यालय माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार संजय भाई के सान्निध्य में विशेष एक दिवसीय योग साधना सत्र का आयोजन किया गया। सत्र में अपने प्रेरक उद्बोधन में बीके संजय भाई ने कहा कि समय का सदुपयोग ही जीवन का सच्चा निवेश है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

यदि हम एक-एक क्षण को ईश्वर की स्मृति में बिताएँ, तो जन्म-जन्मांतर का कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। व्यर्थ विचार, व्यर्थ बोल और व्यर्थ कर्म को त्यागकर, श्रेष्ठ चिंतन और सृजनशील कर्मों में समय लगाएँ। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि हनुमान जी के पास अनगिनत शक्तियाँ थीं, किंतु वे उन्हें भूल गए थे। जब उन्हें अपनी शक्ति की स्मृति दिलाई गई, तो उन्होंने असंभव कार्य भी संभव कर दिखाए। उसी प्रकार हम सभी में अपार शक्तियाँ हैं, परंतु स्मृति के अभाव में वे सुप्त पड़ी रहती हैं। राजयोग साधना वह प्रक्रिया है, जो आत्मा को उसकी मूल पहचान देकर उसकी शक्तियों की स्मृति दिलाती है। हर विचार एक ऊर्जा है। जब मन व्यर्थ चिंतन, शिकायत या क्रोध में उलझ जाता है, तो आत्मा की ऊर्जा नष्ट होती है और मन अशांत हो जाता है। परंतु जब हम सकारात्मक, शुभ संकल्प रखते हैं, तो आत्मा पुनः शक्तिशाली बनती है। बीके संजय भाई जी ने कहा कि मनुष्य के जीवन का वास्तविक धन उसकी विचार-शक्ति है। यदि यह शक्ति व्यर्थ बातों में खर्च होती है, तो जीवन में थकावट और असंतुलन बढ़ता है।

### शांति, शक्ति और स्थिरता का अनुभव

इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका बीके स्वाति दीदी ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम आत्मा को शांति, शक्ति और स्थिरता का अनुभव कराते हैं। उन्होंने बताया कि इस साधना सत्र का उद्देश्य मन को व्यर्थ से मुक्त कर ईश्वर से जुड़ना और आत्मिक शक्तियों को जागृत करना है। उन्होंने सभी साधकों से आग्रह किया कि वे नियमित रूप से राजयोग का अभ्यास करें और अपने जीवन को दिव्यता की दिशा में आगे बढ़ाएँ। सत्र में सैकड़ों साधकों ने भाग लिया और गहन योग अनुभूति के माध्यम से आत्मशक्ति का अनुभव किया। कार्यक्रम के अंत में ईश्वरीय प्रसाद वितरण किया गया।

जागरूकता

## रैली निकाल कर ट्रैफिक नियमों का पालन करने का आह्वान



**बिलासपुर।** डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट रोड सेफ्टी के अंतर्गत लायंस क्लब वसुंधरा ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने एवं सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत रिवर व्यू राम सेतु से लेकर कंपनी गार्डन तक एक रैली निकाली गई। इस दौरान हर चौक-चौराहे में बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के गाड़ी नहीं चलाने, मोबाइल में बात करते हुए व नशे में ड्राइविंग नहीं करने की बात को ध्यान में रखते हुए उनके दुष्परिणाम से आम जनता को अवगत कराया। रैली में रीजन फोर से लायंस क्लब वसुंधरा होस्ट रहा। रैली में क्लब की अध्यक्ष रश्मि लता मिश्रा, एमजेएफ संजना मिश्रा, सचिव अर्चना तिवारी, डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन सुधा परिहार, किरण बाजपेई, रीजन चेयरपर्सन बी महेश कुमार, जोन चेयर पर्सन श्वेता शास्त्री, श्रीजन क्लब के मेंबर माइक्रो चेयरपर्सन वी. श्रद्धा राव एवं अन्य क्लब के मेंबर शामिल हुए। स्लोगन एवं पंपलेट के जरिए चौक चौराहे पर चलने वाले सभी लोगों को रोककर ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित ड्राइविंग करने एवं अपने व अपने परिवार को सुरक्षित रखने का आग्रह किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

# कबड्डी प्रीमियर लीग में जगह बनाने 200 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दम





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कबड्डी प्रीमियर लीग में जगह बनाने कोटा ब्लाक के लगभग 200 से अधिक कबड्डी पुरुष खिलाड़ियों ने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस संबंध मे जानकारी देते हुए एनआईएस कबड्डी कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि जिला कबड्डी संघ के द्वारा आयोजित की जाने वाली जिला कबड्डी प्रीमियर लीग द्वितीय संस्करण का आयोजन दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता के लिए कोटा ब्लाक के सभी खिलाड़ियों के लिए प्राथमिक शाला प्रांगण कबड्डी मैदान पिपरपारा कोटा मे ट्रायल रखा गया था, जिसमें खिलाड़ियों ने पंजीयन कराकर अपने अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिला कबड्डी प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण का आयोजन रतनपुर में किया जाएगा जिसमें चयनित खिलाड़ियों का पुरुष वर्ग में 8 टीम बनाकर लीग कम नाक आउट पद्धति से मैच कराया जाएगा। जिला से 4 खिलाड़ी कबड्डी लीग में चयनित होकर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है इस बार भी दो खिलाड़ी प्रो कबड्डी टीम बंगाल वारियस टीम मे शामिल है। कोटा ब्लाक कबड्डी प्रीमियर लीग चयन ट्रायल को सफल बनाने के लिए कोटा ब्लाक कबड्डी संघ अध्यक्ष राय सिंह यादव, उपाध्यक्ष राम कुमार मरावी, कोटा ब्लाक कबड्डी संघ कोषाध्यक्ष धाम सिंह मरावी, कोटा ब्लाक कबड्डी संघ सचिव नन्द कुमार धुर्वे, रतनपुर जोन प्रभारी धन सिंह पोर्ते, कोटा जोन प्रभारी हेम सिंह पोर्ते, बेलगहना जोन प्रभारी शिव शंभू जगत, शिव कुमार कैवर्त कोटा ब्लॉक संघ निर्णायक कैलाश पोर्ते, नन्द कुमार मरावी, परमेश्वर खुसरो, शिव कुमार श्रीवास, विरस राज गुलाब सिंह श्याम व चमरू कैवर्त विजय राज आदि की उपस्थिति में ट्रायल हुआ।

# राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में शहर की मायसा का चयन

25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कांकेर में 9 नवम्बर तक आयोजित की गई,इस प्रतियोगिता में खो-खो बालक-बालिका हैण्डबॉल और क्रिकेट खेलों के कुल 56 खिलाड़ियों को बिलासपुर संभागीय दल में शामिल किया गया। इसी क्रम में सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, सरकंडा की छात्रा मायसा खान को चयनित किया गया है। उनके खेल शिक्षक आशा शील, पिता फारूक खान और प्रधानाचार्य शाहिस्ता बेगम ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## अस्मिता महिला लीग में खिलाड़ी लेंगे भाग

जिला स्तरीय महिला अस्मिता महिला लीग का आयोजन नार्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट रेलवे स्टेडियम में आयोजित होना है, जिसमें 14 वर्ष से कम की बालिका और 16 वर्ष से कम की बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। एक खिलाड़ी एक ही स्पर्धा में भाग ले सकता है ए ग्रुप में 60 मीटर, लंबी कूद एवं ऊंची कूद, बी ग्रुप में 60 मीटर रन, लंबी कूद और बैक थ्रू 1 किलो गोला सी ग्रुप में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद, 600 मी किड्स और जैवलिन 16 वर्ष के बालिका खिलाड़ियों के लिए 60 मीटर दौड़, 600 मीटर दौड़,ऊंची कूद, लंबी कूद, तवा फेक गोला फेक और भाला फेंक कोई भी खिलाड़ी दोनों ग्रुप का एक ही इवेंट में भाग ले सकते है। यह जानकारी बिलासपुर जिले के संयुक्त सचिव श्री के श्रीनिवास ने दी।

## खबर संक्षेप

### नीलम का नगर सेना में चयन होने पर सम्मान समारोह



**लोरमी।** नेहा पब्लिक स्कूल की शिक्षिका नीलम घृतलहरे का नगर सेना में चयन होने पर संस्था के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक सुनील लहरे विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती प्रियंका टोन्डे शिक्षक देवेंद्र, आशु शर्मा, शिक्षिका प्रिया अहिरवार, भारती मरावी, गीता यादव, किरण कश्यप, दिव्या शर्मा, अभिभावक ज्योति यादव, रामनारायण ध्रुव तथा विद्यालय के समस्त बच्चे उपस्थित रहें।

### बच्ची के निधन पर युवाओं ने की आर्थिक मदद



**लोरमी।** ग्राम महरपुर के युवाओं ने सराहनीय पहल करते पोलियो से पीड़ित 4 वर्षीय बालिका चंचल ढीमर के निधन पर आर्थिक सहायता प्रदान की। युवाओं ने किए 4 हजार 50 रुपए व 1 क्विंटल 50 किलो चावल का सहयोग कर सामाजिक समरसता एवं कुटुंब एकता का उदाहरण पेश किया। गांव में किसी भी परिवार के दुख में युवा पूरी निष्ठा से सहयोग के लिए सामने आते हैं। सहयोग करने वालों में मेलू राम राजपूत, चिंटू ढीमर, शिवकृपाल, सूरज कुमार, ओंकारेश्वर राजपूत, संजय साहू, ताम्रध्वज कश्यप सहित अन्य शामिल रहे।

### सीए की परीक्षा पास कर कोमलेंदु ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**सीपत।** सीपत क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया के होनहार



छात्र कोमलेंद्र साहू ने इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की ओर से होने वाली सीए फाइनल परीक्षा पास कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। कोमलेंद्र ग्राम खम्हरिया निवासी संतोष साहू एलआईसी एजेंट के बेटे हैं। कोमलेंद्र ने शास उमा विद्यालय खम्हरिया से वाणिज्य में 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर सीए की तैयारी में जुट गए थे। उनकी सफलता पर माता-पिता, शाला प्राचार्य किंडो मैडम एवं विषय शिक्षिका वंदना बत्रा ने हर्ष व्यक्त किया है।

### दिव्यांग बच्चों को प्रदान की गई विशेष सहायता सामग्री

**बेलतरा।** समावेशी शिक्षा अभियान के तहत विशेष



आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों को उनके अध्ययन हेतु शाला में निरंतर रूप से बने रहने व शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े रखने के उद्देश्य से सहायक शिक्षण उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम के तहत बच्चों को स्मार्ट एल्बम और सुनने की मशीन सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक शाला उसराभाठा के कक्षा 5वीं कक्षा के छात्र विनायक कश्यप को आवश्यक सामग्री जिला परियोजना कार्यालय एवं समग्र शिक्षा के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत प्रदान की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर जिला परियोजना कार्यालय एवं विख स्रोत बिल्हा के ग्रामीणों के मार्गदर्शन पूर्णिमा खोबागढे व सुष्मिता दिवाकर ने सामग्री का वितरण किया।

### नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी को 3 साल का कारावास



**मुंगेली।** नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने 3 वर्ष का कारावास एवं 1000 के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीसी पीठासीन अधिकारी राकेश कुमार सोम ने धारा 75 (1)(प),76 भारतीय न्याय संहिता एवं पाक्सो की धारा 12 एवं 8 के अंतर्गत अभियुक्त कमल बघेल पिता पुसउ बघेल उम्र 38 वर्ष निवासी करही थाना सरगांव को 3 वर्ष का कारावास एवं 1 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया है। आरोपी ने नाबालिग पीड़िता के पहने हुए कुर्ती को फाड़ कर दुष्कर्म का प्रयास किया था।साथ ही प्रकरण को पीड़िता को 1 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति दिलाएं जाने की अनुशंसा भी निर्णय में की गई है। प्रकरण की विवेचना तत्कालीन सरगांव थाना प्रभारी संतोष शर्मा ने की थी।

## सकेत में रजत जयंती वर्ष पर लोक नृत्य प्रतियोगिता

# छग की लोक संस्कृति व नृत्य हमारे स्वाभिमान के प्रतीकः धरमलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

छत्तीसगढ़ राज्य की 25वीं स्थापना वर्षगांठ के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत सकेत में भव्य छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिल्हा धरमलाल कौशिक विधायक उपस्थित रहे। धरमलाल कौशिक ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपरा और नृत्य हमारे स्वाभिमान के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन हमारी नई पीढ़ी में सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक एकता को बढ़ाते हैं।

ग्राम पंचायत सकेत की सरपंच पूजा अनीश मनु ने सभी अतिथियों, निर्णायकों और प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि, यह आयोजन ग्राम की एकता, सहयोग और सांस्कृतिक समृद्धि का उदाहरण है। इस अवसर पर कैलाश सिंह ठाकुर भाजपा जिला महामंत्री मुंगेली, पोषण यादव अध्यक्ष भाजपा सरगांव मंडल, दिनेश जायसवाल पूर्व अध्यक्ष भाजपा सरगांव मंडल, बलराम जायसवाल भाजपा महामंत्री पथरिया



मंडल, इन्दरमती अनिल ध्रुव जनपद सदस्य, फुलेश्वरी बसंत यादव उपसरपंच, एमआर नेताम प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासीउपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता के निर्णायक केशव यादव, रामविशाल जायसवाल उज्जैन बंदे, शिवकुमार जायसवाल, मधुर श्रीवास, पंचू राम जायसवाल, दिलहरण व अशोक जायसवाल ने अंकन प्रणाली से निम्नलिखित विजेताओं का चयन किया एवं विजेताओं को मौजूद अतिथियों ने पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गंधीरवाडीह बालिका पंथी पार्टी को 5 हजार 1 रुपए नकद देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली डंडा पार्टी खजरी को 3 हजार 1 रुपए नकद एवं भटगांव पंथी पार्टी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 2 हजार 501 नकद, संबलपुरी कर्मा टीम को चतुर्थ पुरस्कार के रूप में 2 हजार 1 रुपए नकद प्रदान किया गया। पांचवें पुरस्कार केंवटाडीह पंथी पार्टी को 1 हजार 501 रुपए नकद, छठवां पुरस्कार श्रुति एवं साथी को 1 हजार 1 रुपए नकद के रूप में प्रदान किया गया। वहीं सातवां पुरस्कार आसमा जायसवाल एवं साथियों को मिला। शीर्ष एक से चार स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को अशोक यादव, खेल प्रभारी पथरिया एवं पांच से दसवें स्थान पर रहने वाली टीमों को मोहिन्दर सिंह वर्मा ने ट्रॉफी प्रदान की। मंच संचालन का शिक्षक लोमश यादव एवं दिनेश जायसवाल ने किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ एसएस वर्मा को सेवानिवृत पर स्मृति चिन्ह, साल व श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने उनके सेवाभाव, आचार-विचार और सामाजिक योगदान की प्रशंसा की। डॉ. वर्मा ने समाज हित में कलार, यादव, सतनामी, केंवट समाज के सामुदायिक भवनों को दो-दो पंखे तथा महामाया मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, अंबे मंदिर, दुर्गा मंदिर एवं ग्राम पंचायत सकेत को एक-एक पंखा सप्रेम भेंट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीश मनु, बसंत यादव, अनिल मरावी, शिक्षक मोहिन्दर सिंह वर्मा, लोमश यादव, दिनेश जायसवाल, कलेश्वर निषाद, बिसाहू यादव, तिलक जायसवाल, धनेश्वर निषाद, भुनेश्वर बंदे, हेमलाल जायसवाल, अमित गेंदले, व्यासनारायण मनहर सहित पंचों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।



# सिंधी समाज की बैठक में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**तखतपुर।** पूज्य सिंधी पंचायत तखतपुर की जनरल बैठक में समाज की गरिमा और परंपराओं को बनाए रखने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में पुल पार्टी एवं कॉकटेल पार्टी जैसे सार्वजनिक आयोजनों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया। साथ ही सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रमों को मर्यादित और सांस्कृतिक स्वरूप में आयोजित करने पर जोर दिया गया।

बैठक में यह भी उल्लेख किया गया कि, इससे पूर्व सिंधी पंचायत तखतपुर द्वारा प्री वेडिंग शूट और मृत्यु भोज पर भी रोक लगाई जा चुकी है। पंचायत का मानना है कि, सामाजिक आयोजनों में बढ़ती दिखावे की प्रवृत्ति को रोकना आवश्यक है, ताकि पारंपरिक मूल्यों की रक्षा हो सके।इसके साथ ही सामाजिक भवन के पुनर्निर्माण की योजना को आगे बढ़ाने तथा श्री गुरुनानक देव जयंती को धूमधाम से मनाने पर सहमति बनी। वहीं आगामी चालीसा महोत्सव को भी पारंपरिक रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राकेश मंदानी ने की। इस अवसर पर सचिव दिलीप तोलानी, उपाध्यक्ष हेमराज मंगलानी, सहसचिव नोतन तेकवानी, मुरली गोंगवानी, परशराम मंगलानी, रोचिराम तोलानी, लालचंद परियानी, संतराम मनचंदानी, सुरेश मंदानी, रमेश मंदानी, सतीष मंदानी, अनिल परियानी, संतोष तोलानी, कन्हैया लाल संतानी, अजय विजय लालचंदानी, विजय लोकचंदानी, सतीश सचदेव, चेतन कुकरेजा, मुरली सचदेव, अभिषेक संतानी, जगदीश भारती सहित अन्य उपस्थित रहे।



### फर्जी राशन कार्ड बनवाकर राशन लेने की शिकायत, कार्रवाई की मांग

लोरमी। क्षेत्र के ग्राम मारुकापा के ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर एवं खाद्य विभाग को उचित मूल्य दुकान एवं 13 अविवाहित युवकों के नाम से फर्जी राशनकार्ड बनवाने की शिकायत करने का मामला प्रकाश में आया है। फर्जी राशनकार्ड के सरकारी दस्तावेज़ों में पत्नी, बच्चे के नाम दर्ज कर दिए गए। उक्त मामले को एसएडीएम अजीत पुजारी ने खाद्य विभाग की अगुवाई में एक जांच टीम गठित जांच करने निर्देशित किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत लालपुर थाना के आश्रित ग्राम मारुकापा निवासी धनराज माथुर एवं ग्रामीणों ने खाद्य अधिकारी से जनदर्शन के माध्यम से शिकायत की है कि गांव में फर्जी राशनकार्ड से कुछ लोगों द्वारा राशन लिया जा रहा है। उचित मूल्य की दुकान करूणा माता स्व सहायता समूह ग्राम-मारूकापा के दुकानदार के द्वारा फर्जी राशनकार्डधारी की राशन वितरण किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया है कि दुकानदार को मालूम है कि राशन कार्ड फर्जी तरीके से बना हुआ है उसको यह भी मालूम है कि इसकी कार्डधारी की अभी विवाह भी नहीं हुआ है, उसका बच्चा नहीं है, फिर भी उसे राशन वितरण किया जा रहा है। मामले में एसडीएम अजीत पुजारी ने कहा कि ग्राम मारुकापा के उचित मूल्य दुकान के साथ कुछ हितग्राहियों फर्जी तरीके से अपात्र लोगों की राशन कार्ड़ बनाकर फायदा उठाने की शिकायत प्राप्त हुई है। फूड इंस्पेक्टर की अगुवाई में एक टीम गठित किया गया है। जो बिंदुवार जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। मामले में जो दोषी होंगे उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# एसआईआर कार्य को बीएलए गंभीरता से पूर्ण करें: संतोष

## भाजपा सकरी मंडल के बूथ लेवल एजेंटों का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सकरी

भारतीय जनता पार्टी सकरी मंडल के बूथ लेवल एजेंट 2 का प्रशिक्षण शिविर वन चेतना केन्द्र सकरी में आयोजित हुआ जिसमें उपस्थित बूथ लेवल एजेंटों को एसआईआर के संबंध में जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष कौशिक गुरुजी ने कहा कि एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संगठन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है यह 12 राज्यों में चल रहा है मतदाता सूची की एक-एक प्रविष्टि की सत्यता सुनिश्चित करना बीएलए 2 की प्राथमिक जिम्मेदारी है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि कोई पात्र मतदाता छूटे नहीं और कोई अपात्र नाम सूची में न रहे



उन्होंने एसआईआर की प्रक्रिया और बीएलए 2 को इसके लिए प्रशिक्षण दिया साथ ही राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर सामूहिक राष्ट्रीय गीत का गायन किया गया। जिला उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य बूथ स्तर पर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाना है। प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर सत्यापन करें और नए मतदाताओं को जोड़ने का कार्य प्राथमिकता से करें। यह अभियान संगठन की जमीनी मजबूती का आधार है।मंडल संयोजक दिलीप कोरी ने कहा प्रशिक्षण शिविर को भाजपा जिला मंत्री रानू सिदार, जनपद पंचायत तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, जिला पंचायत सभापति अंबिका साहू, महामंत्री तुलसी कौशिक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सकरी भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि मेहर एवं आभार प्रदर्शन विधायक प्रतिनिधि सूरज मिश्रा ने किया। प्रशिक्षण शिविर में गीता सिंह, रत्ना पाण्डेय, हरजीत कौर, सतीश सोनकर, राजकमल साहू, जितेन्द्र सूर्यवंशी, सुरेश रात्रे, रजनीकांत यादव, दिल कुमार केवट, दौलत रजक, रसीद खान, तिलक सूर्यवंशी, शत्रुघ्न वस्त्रकार, विष्णु कौशिक, देवेंद्र सिंह राजपूत, विकास कुमार निर्मलकर, अमरनाथ निर्मलकर, शैलेन्द्र सिंह, जोहन कौशिक, कृष्ण कुमार राजपूत, राकेश तिवारी, मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निधन

### लक्ष्मीकांत शुक्ला

**बिलासपुर।** शिव विहार गली



नंबर 1 निवासी लक्ष्मीकांत शुक्ला का 9 नवंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे पुष्पलता शुक्ला के पति, दिलीप तिवारी एवं विजय तिवारी के जीजा और दैवज्ञा शुक्ला के पिता थे।

### दुलारी देवी शर्मा

**बिलासपुर।** इमलीपारा निवासी



दुलारी देवी शर्मा का रविवार की सुबह निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्वर्गीय जे एस शर्मा की पत्नी एवं संतोष, संजय, राकेश (बंटी) शर्मा की माता थीं।

### शशि दुबे

**बिलासपुर।** देविका विहार



कॉलोनी एवं बिरकोना निवासी शशि दुबे का 9 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तोरवा मुक्तिधाम में किया गया। वे शेष प्रकाश दुबे की पत्नी थीं।

### नीरा देवी साहू

**बिलासपुर।** कल्याण बाग,



राजकिशोर नगर निवासी नीरा देवी साहू का 9 नवंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 10 नवंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास से तोरवा श्मशान घाट के लिए निकलेगी। वे धर्मेन्द्र साहू की पत्नी थीं।

# संगोष्ठी में दिखा वनौषधियों की सुगंध, लोकज्ञान और विज्ञान का संगम

**पेंड्रा।** वनौषधियों और आयुर्वेद की प्राचीन परंपरा को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से अरपा सोन पर्यावरण सुरक्षा एवं मानव विकास समिति ने अपने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर "8वीं राष्ट्रीय वनौषधि ज्ञान संगोष्ठी 2025" का आयोजन किया।

छत्तीसगढ़ की हरित वनस्पति से आच्छादित पेंड्रा की पावन भूमि पर यह आयोजन हुआ जहां वनौषधियों की सुगंध, लोकज्ञान और विज्ञान का सुंदर संगम देखने को मिला। देश-विदेश से 600 से अधिक आयुर्वेदाचार्य, वैद्य और औषधि विशेषज्ञ एक मंच पर, इस संगोष्ठी में भारत के 25 राज्यों से 600 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, नागालैंड,



पेंड्रा में 8वीं राष्ट्रीय वनौषधि ज्ञान संगोष्ठी का आयोजन

मिजोरम, गोवा, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान सम्मिलित रहे। सभी प्रतिनिधियों ने एकमत होकर कहा कि आज वनौषधियों का संरक्षण और पारंपरिक वैद्यक विद्या का पुनर्जागरण ही मानवता की स्थायी स्वास्थ्य दिशा है। अध्यक्ष, औषधि पद्म बोर्ड कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त विकास मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ वन संपदा और औषधीय पौधों का खजाना है। अरपा सोन पर्यावरण समिति ने जिस समर्पण से इस धरोहर को सहेजने का कार्य किया है, वह अनुकरणीय है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय, अमरकंटक के कुलपति प्रो. ब्योमकेश त्रिपाठी ने कहा कि "आयुर्वेद केवल औषधि नहीं, बल्कि मानव जीवन के संतुलन का शास्त्र है। आज इसकी आवश्यकता पूरे विश्व को है, और यह संगोष्ठी उस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।" औषधीय व्यापार और आयुर्वेदिक उत्पाद क्षेत्र के वरिष्ठ उद्यमी पूरन छाबरिया ने कहा कि "पारंपरिक औषधि को उद्योग का रूप देना चाहिए, ताकि वैद्य, किसान और समाज तीनों को लाभ मिले।" इसके अलावा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के प्रो. आर.के. प्रजापति ने वनस्पति विज्ञान और औषधीय पौधों के संवर्धन में अपने दीर्घ अनुभव के साथ उन्होंने कहा हमें पारंपरिक वनौषधि ज्ञान को वैज्ञानिक अनुसंधान से जोड़ना होगा, ताकि नई पीढ़ी इसे समझे और अपनाए।" साथ ही विश्व प्रसिद्ध नाड़ी विशेषज्ञ, गुजरात डॉ. जेन पुरोहित, अध्यक्ष, वैद्य संघ, भारत अनिल पटेल, संजीवनी रस के प्रायोजक एवं प्रणेता संजय सिंह पटेल, अध्यक्ष, मध्य प्रदेश वैद्य संघ भृगु जी, प्राकृतिक चिकित्सा और औषधीय प्रशिक्षण के क्षेत्र में कार्यरत डॉ. विनोद दुबले, औद्योगिक निवेशक एवं औषधि विकास विशेषज्ञ संजय नागपाल, सामाजिक कार्यकर्ता व प्राकृतिक चिकित्सा प्रचारक जयनारायण चौकसे, सीईओ, सब्द नंदकुमार पारिख एवं सुमित सरकार, सीईओ, बंगाल बायोडीज़ल राजू नाशकार ने अपने विचार साझा किये।

# आत्मानंद दाऊपारा में कार्यक्रम

**मुंगेली।** राष्ट्रगीत वंदे मातरम की 150वीं गौरवशाली वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर स्वामी आत्मानंद दाऊपारा में देशभक्ति और सांस्कृतिक चेतना से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रव्यापी आह्वान के अनुरूप हुआ। जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गौरव के इस कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रथम पाली में एसएमडीसी अध्यक्ष रामशरण यादव के मुख्य आतिथ्य में प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग के विद्यार्थियों को शाला के ग्रंथालय में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान बच्चों ने उनका उद्बोधन को उत्साहपूर्वक सुना। इसके बाद सभी अतिथियों, प्राचार्य डॉ आईपी यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम' का सामूहिक गायन किया।



द्वितीय पाली में हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के दोनों माध्यम के विद्यार्थियों को प्राचार्य ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। एवं वंदे मातरम का सामूहिक गायन किया गया। इस अवसर पर पार्षद अजय साहू, एसएमडीसी सदस्य दुष्यंत दुबे, व्याख्याता महादेव यादव, पंकज मिश्रा, रश्मि पांडेय, जेबा तबस्सुम, सांत्वना दता, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, पीटीआई राजेन्द्र साहू, प्रधान पाठक मिडिल दीप्ति चतुर्वेदी, प्रधान पाठक प्राथ अमृता पात्रे सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### एबीवीपी ने विद्यालय की समस्याओं को लेकर प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**पेंड्रा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पेंड्रा नगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने मल्टीपरपज विद्यालय में व्याप्त विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विद्यालय प्राचार्य को 7 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कार्यकर्ताओं ने बताया कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं है, विशेषकर शौचालयों की नियमित सफाई नहीं होने से छात्रों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। एबीवीपी विद्यालय अध्यक्ष तुषार सेन ने कहा कि, बुनियादी सुविधाओं के अभाव में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, मंत्री वीरेंद्र राठौर ने बताया कि, शौचालय की गंदगी से आसपास की कक्षाओं में दुर्गंध फैलती है, जिससे छात्र असहज महसूस करते हैं। विद्यार्थियों ने ज्ञापन सौंप जल्द ही विद्यालय में स्वच्छता, पेयजल एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। ज्ञापन देने के दौरान विद्यालय उपाध्यक्ष श्रेयांश नामदेव, महेंद्र राठौर, सह मंत्री शौर्य जैसवाल, दीपक राठौर, शुभम राठौर, साहिल श्रीवास सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202510250500
अ-2/ 2025-26
ग्राम बछेरा प.ह.नं. 1

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. पुष्पराज सिंह पिता फागू सिंह निवासी बछेरा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम बछेरा प.ह.न. 1 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 273/6 रकबा 0.4040 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/ दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 17/11/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**कार्यालय रा.नि.मं., बोदरी, तहसील बोदरी जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
सीमांकन/मौका जांच समय उपस्थित होने हेतु**

प्रति, 1. गोपाल विजय वर्गी 2. सरजू श्रीवास / ननकी श्रीवास-देवकुमार श्रीवास 3. रामकुमार कौशिक, नवल कौशिक 4. दुर्गेश कौशिक 5. श्याम अग्रवाल 6. अन्य सरहदी भूमिस्वामी 7. ग्राम कोटवार।
विषय: सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।
संदर्भ: भवदीय न्याया.तह.के ज्ञा.क्र./वा.1/तह. 2025 बोदरी दिनांक 15.10.2025

उक्त विषयांतर्गत लेख है कि आवेदक/ आवेदिका गोपाल विजय वर्गी पिता/पति साहू राम निवासी तालापारा बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरीमन 05 प.ह.नं.01.,रा.नि.मं. व तहसील बोदरी स्थित भूमि ख.नं. 3311 रकबा 0.134 हे. भूमि के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर सीमांकन हेतु छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। धारणाधिकार परिवर्तित दर्ज करने हेतु प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जानकारी निम्नानुसार है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 13.11.2025 को 12.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त भूमि से संबंधित अपने समस्त दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित रहें।

टीपः1.उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है। 2. आवेदक जरीब/टेप पकड़ने एवं चूना मार्किंग हेतु 2-3 मजदूर की व्यवस्था स्वयं करें।

**रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

कमांक/क/अति.तह. / वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 07/11/2025

ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक 2430/एफ-4/सात-2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13/08/2020 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदिका शिव्या शर्मा पिता राकेश शर्मा निवासी अमलताश कॉलोनी नर्मदा नगर बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की स्वयं की भूमि ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 1415/33, 1415/30 रकबा क्रमशः 0.0830, 0.1174 हेक्टेयर भूमि को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 07/11/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

कमांक/क/अति.तह. / वाचक / 2025
बिलासपुर, दिनांक 07/11/2025

ग्राम मंगला, प.ह.नं. 35, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक 2430/एफ-4/सात-2020 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 13/08/2020 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक धरमराज डेवलपर्स द्वारा भागीदार सौरभ कश्यप, दीपक कश्यप पिता दशरथ कश्यप, सुमित कश्यप पिता राम प्रसाद कश्यप जाति काछी निवासी गली नं. 05 कुदुदण्ड बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की स्वयं की भूमि ग्राम मंगला, प.ह.न. 35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा नंबर 318/1, 318/4 रकबा क्रमशः 0.2430, 0.2430 हेक्टेयर भूमिको एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 25/11/2025 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे। आज दिनांक 07/11/2025 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)**

**-: आम सूचना का खण्डन :-**

मैं अपने पक्षकार श्री गणेशलाल साहू पिता रामलाल साहू मौजा मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.म. तहसील एवं जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 203/1, 617/3, 679, 1675, 1674/1 कुल रकबा 0.4880 हेक्टेयर का स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी है और निर्वाध दाखिल काबिज चले आ रहा है उक्त भूमि के सबंध में मेरे पक्षकार की पुत्री श्रीमति विनिता कुमारी ने न्यायालय श्रीमान षष्ठम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बिलासपुर के समक्ष व्य.वा.क्र. 33-अ/2020 प्रस्तुत कर अस्थाई निषेधाज्ञा की मांग की थी जो दिनांक 3/10/2024 को निरस्त कर दिया गया जिसके विरूद्ध माननीय द्वितीय जिला न्यायाधीश बिलासपुर के समक्ष प्रस्तुत वि.व्य.अ. 50/2024 में दिनांक 21/4/2025 को आदेश पारित करते हुए प्रकरण के निराकरण तक सिर्फ 1/5 अंश तक अंतरण पर रोक लगाने का आदेश पारित किया गया है जो अंतिम नही होकर मात्र अंतरवर्ती आदेश है उक्त न्यायालयीन आदेश को संपूर्ण भूमि पर आदेश बताते हुए श्री सत्यप्रकाश शुक्ला अधिवक्ता द्वारा दैनिक हरिभूमि दिनांक 8/11/2025 के पृष्ठ क्रं-4 में असत्य रूप से प्रकाशित किया गया जिसका खण्डन प्रकाशित किया जा रहा है।

सो सूचना जाने।
दिनांक 9/11/2025

**ऐश्वर्य पान्डेय, अधिवक्ता
शुभम विहार, ओम जोन गेट के पास बिलासपुर छ.ग.
मो. 83194-33844**

## खबर संक्षेप

### भाजपा मल्हार मंडल की कार्यशाला में शामिल हुए कार्यकर्ता



**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी मंडल मल्हार की कार्यशाला शनिवार को देउर मंदिर परिसर में संपन्न हुई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मस्तुरी विधानसभा के संयोजक बीएलए लक्ष्मी प्रसाद यादव ने मतदाता सूची की विशेष गहन पुर्ननिरीक्षण की आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को मंडल महामंत्री रोहित कश्यप, मंडल के कोषाध्यक्ष दिलीप पांडे ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री राजकुमार वर्मा ने किया तथा आभार मंडल उपाध्यक्ष लोकनाथ बंजारे ने किया। इस अवसर पर जिला कार्य समिति सदस्य बीज्जु राव, जितेंद्र राय, नगर पंचायत के अध्यक्ष धनेश्वरी कैवर्त, उपाध्यक्ष सुशील चौबे, पार्षद आशुतोष वर्मा, मिलु कैवर्त, मिथुन यादव, कमलेश सिंह, मनराखन कैवर्त, अध्यक्ष प्रतिनिधि धनेश्वर कैवर्त, रामनारायण कश्यप, बालमुकुंद वैष्णव, शिव सिंह, भुवन यादव, हीरालाल यादव, प्रेमलाल जायसवाल, बोट्टा केवट, सुरेश बंजारे, श्याम सुंदर, रामकिशुन यादव, देवेंद्र जायसवाल, पुरुषोत्तम पटेल, राजेश यादव, द्वारिका घोष, पहाड़ों केवट, अजय केवट, उमेश, सुरेश बंजारे, महेंद्र पटेल, प्रमोद थवाईत सहित मंडल के सभी पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक बुथ अध्यक्ष बीएलए उपस्थित थे।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक कराने की मांग



**मरवाही।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ तहसील शाखा- मरवाही की बैठक रविवार क्रो दुर्गा पंडाल के पास कर्मचारी भवन मरवाही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कमाल खान जिला संरक्षक एवं जिला अध्यक्ष अधिकारी- कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन जिला- गौरेला, पेंड्रा, मरवाही के द्वारा की गई। बैठक में जिला, अनुभाग, विकासखंड स्तर पर परामर्श दात्री समिति की बैठक आयोजित कराने की मांग की गई। इसके साथ ही नव वर्ष 2026 के लिए कर्मचारी संघ के अवकाश कैलेंडर छपवाने का निर्णय लिया गया है, कर्मचारी साथी अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज का फोटो एवं सहयोग राशि 30 नवंबर 25 तक कार्यालय मे जमा करें। जिन कर्मचारियों साथियों की सेवा अवधि 10 वर्ष एवं 20 वर्ष हो चुकी है, उनका समय मान वेतनमान का प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजा जावे। बैठक में जिला संरक्षक कमाल खान, तहसील अध्यक्ष इंद्रपाल चंद्रा,उपाध्यक्ष बीपी कश्यप, राम बिहारी सोनी, एस एल कुर्रे, सचिव के एल गुप्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस पर निकला एकता मार्च



**मल्हार।** अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से सम्बद्ध राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तक्षशिला उच्च माध्यमिक विद्यालय जोंधरा द्वारा राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकता मार्च कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य दामोदर कांत एवं विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य ज्वाला प्रसाद बंजारे रहे। प्रो शत्रुघ्न घृतलहरे, डॉ. बलराम जोशी, डॉ. नयन्तारा शर्मा लोकेश ओगरे, छाया नोरगे, प्रशांत यादव, मिथलेश श्रीवास विशेष रूप से उपस्थित रहे। पूर्व एनएसएस सलाहकार धनेश रजक व करुणेश नापित ने राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ठाकुर ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल राजेश कुमार यादव, बलराम दिनकर, हेतराम पटेल, देव पटेल, मोतीराम कश्यप, वीरेंद्र साहू, चन्द्रकला पटेल, सीमा साहू, प्रीतम पटेल, कुंती, निहारिका, गीतांजलि, शिवकुमार, साहिल कुमार, गीता, स्नेहा, सूर्यकान्त, प्रतीक्षा, निशा, कामिनी, रीमा, मुस्कान, हरीश पटेल, कामता पटेल, अमित कुमार, किशन, उदय, आकाश मरकाम, साहिल केवर्त, देव पटेल, अनुराग, नीतीशा चंदेल उपस्थित थे।

### कलश यात्रा में शामिल हुईं कथा वाचिका देवी कृष्ण प्रिया



**लोरमी।** जिंदल परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 10 से 16नवंबर तक दोपहर 3बजे से किया जाएगा। 9 नवंबर को 3.30बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली गई । अंतराष्ट्रीय कथा वाचिका देवी कृष्ण प्रिया के सानिध्य में ठाकुरदेव मंदिर से नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक आतिशबाजी बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा में आयोजक पवन अग्रवाल , विष्णु अग्रवाल सुरेश अग्रवाल रिंकू अग्रवाल पुरे जिंदल परिवार सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए । 10नवंबर को अंतराष्ट्रीय कथा वाचिक देवी कृष्ण प्रिया द्वारा अमृतमयी श्रीमद् भागवत कथा महात्म का रसपान श्रोताओं को कराया जाएगा । कलश यात्रा में कथा वाचिका देवी कृष्ण प्रिया भव्य रथ में सवार होकर नगर भ्रमण करते हुए कथा स्थल तक पहुंचीं।

## प्रसाद योजना में रतनपुर के विकास के लिए 200 करोड़ का प्रस्ताव केन्द्र को भेजा

# रतनपुर में बनेगा सौ बिस्तर अस्पताल, भवन के लिए मिलेंगे 1 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रतनपुर में आयोजित कल्चुरी समाज के सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रतनपुर में आयोजित कल्चुरी कलार समाज के महासम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने भगवान सहस्त्रबाहु एवं बहादुर कलारीन दाई की पूजा-अर्चना कर विशाल सम्मेलन का शुभारंभ किया।

श्री साय ने कहा कि धार्मिक नगरी रतनुपर के समग्र विकास के लिए केन्द्र सरकार की प्रसाद योजना के तहत 200 करोड़ रूपए की कार्य-योजना स्वीकृति के लिए भेजी गई है। इसके जल्द स्वीकृत होने की संभावना है। उन्होंने ऐतिहासिक नगरी रतनपुर में 100 बिस्तर अस्पताल खोलने तथा कल्चुरी समाज के सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 1 करोड रूपया देने का ऐलान किया है। सम्मेलन की अध्यक्षता राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, सुशांत शुक्ला, अटल श्रीवास्तव, संगीता सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी,योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हां, महापौर पूजा विधानी उपस्थित थीं।





रविवार को रतनपुर में आयोजित सम्मेलन में शामिल मुख्यमंत्री व अन्य अतिथि।



महामाया देवी का आशीर्वाद लेते सीमए विष्णुदेव।

मुख्य अतिथि की आसंदी से मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कल्चुरी राजवंश ने रतनपुर सहित देश में लगभग 1200 वर्षों तक शासन किया है। उनके राज में प्रजा खुश एवं देश समृद्धशाली रहा है। मां महामाया की कृपा से छत्तीसगढ़ राज्य में तेजी से विकास हो रहे हैं। श्री साय ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ देश के बीचों-बीच स्थित है। खनिज, वन एवं जल संसाधनों से भरा पड़ा है। हम यहां के लोगों को साथ लेकर राज्य को प्रगति के मार्ग पर और आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार को अभी बमुश्किल 22 माह हुए हैं। इतनी कम अवधि में भी हमने मोदी की गारण्टी के रूप में किए गए लगभग सभी बड़े वायदे पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को नया एवं शक्तिशाली बनाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों से किए गए वायदे के अनुरूप 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीद रहे हैं। इस साल 15 नवम्बर से यह अभियान फिर से शुरू करने जा रहे हैं। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत राज्य की 70 लाख महिलाओं को हर महीने 1 हजार रूपए दे रहे हैं। अब तक 21 किश्त उन्हें दे चुके हैं।

प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय गृह मंत्री ने 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ से नक्सल समस्या को समूल नाश करने का संकल्प लिया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। नक्सल समस्या को दूर करने के साथ इन ग्रामों में विकास कार्य को भी तेज कर दिए हैं। अभी पिछले कुछ महीनों में बस्तर के 327 ग्रामों को विकास के मामले में फिर से आबाद किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी नयी उद्योग नीति को काफी सराहना मिली है। अब तक साढ़े 7 लाख करोड़ रूपए का निवेश प्रस्ताव मिल चुका है। इनमें से एआई और सेमीकण्डक्टर उद्योगों की स्थापना की शुरूआत भी हो चुकी है। नई उद्योग नीति में हमने रोजगार सृजन को प्राथमिकता दिया है।

ज्यादा रोजगार देने वाले उद्योगों को हमने ज्यादा रियायत भी दे रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी लोगों को इन नीतियों का लाभ उठाने की अपील की है। श्री साय ने कहा कि हमने 2047 को ध्यान में रखकर विजन डॉक्यूमेन्ट जारी किया है। इसमें निहित लक्ष्यों को तभी हासिल कर पाएंगे जब समाज के सभी लोगों का योगदान मिले।

### मुख्यमंत्री ने महामाया का लिया आशीर्वाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने महासम्मेलन में शामिल होने के पहले महामाया मंदिर का दर्शन किया। उन्होंने महामाया की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर छत्तीसगढ़ की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की और आशीर्वाद लिया।

### रतनपुर कल्चुरियों के शासन का बड़ा केन्द्र रहा

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि रतनपुर कल्चुरियों के शासन का बड़ा केन्द्र रहा है। लगभग 1200 वर्षों तक देश के विभिन्न हिस्सों में कल्चुरियों ने शासन किया है। ऐसे ऐतिहासिक नगरी रतनपुर में आकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में विकास के काम तेज गति से हो रहे हैं। कल्चुरी समाज के पूर्वजों के काम को राज्य सरकार आगे बढ़ा रही है। कल्चुरियों ने अपने समय में बड़ी संख्या में तालाब, रोड, सिंचाई के काम किए थे। इसी तरह के कामों को वर्तमान राज्य सरकार प्राथमिकता के साथ पूर्ण कर रही है। उन्होंने नवा रायपुर में एक चौक का नाम समाज के ईष्ट देव भगवान सहस्रबाहु के नाम रखने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने भी समारोह को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति सामाजिक समरसता और सभी समाज के ईष्टदेवों को समान रूप से आदर करने की शिक्षा देती हैं। कल्चुरी कलार समाज के मोहित जायसवाल ने स्वागत भाषण दिया।

## परमात्मा से जुड़ने पर मिलती है जीवन में पूर्णता



**तखतपुर।** जीवन में पूर्णता केवल परमात्मा से जुड़ने पर मिलती है संसार में इंद्रियों के मोह से निकलकर ईश्वर के प्रति सच्ची श्रद्धा, प्यार ही इंसान को मोक्ष दिला सकती है। संसार के मोह इंद्रियों से निकलकर चरित्र में त्याग प्रेम और सत्य मार्ग में चलते हुए बलिदान को ही महत्वपूर्ण माना गया है। जिससे मनुष्य अपने जीवन को दिव्यता प्रेम और शांति की ओर ले जा सकता है। उक्त कथा आचार्य महंत ब्रम्हचारी आशुतोष चैतन्य ने टिकरीपारा पकरिया रोड़ में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कार्यक्रम में कहीं। आचार्य महंत ब्रम्हचारी आशुतोष चैतन्य ने कहा कि एक बार राजा परीक्षित शमीक ऋषि के आश्रम में गए, जहां उन्होंने ऋषि के गले में एक मरा हुआ साँप डाल दिया, जिसके कारण ऋषि के पुत्र ने राजा को सात दिनों के भीतर तक्षक नाग द्वारा डसे जाने का श्राप दिया। श्राप के बाद, राजा परीक्षित ने मोक्ष का मार्ग जानने के लिए व्यासपुत्र सुखदेव मुनि से मार्गदर्शन मांगा। सुखदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सात दिनों तक भागवत कथा सुनाई, जिससे उनका मन संसार से विरक्त हो गया। कथा सुनने के बाद, राजा परीक्षित ने सांप के डंसने पर भी स्वर्ग की प्राप्ति की। इस घटना के बाद से ही श्रीमद्भागवत कथा को सात दिनों में सुनाने और सुनने की परंपरा शुरू हुई। इस अवसर पर रवि सिंह, रागीनी सिंह, रामस्नेही सिंह, रामू सिंह क्षत्री, चंचल कारड़ा, मोना कारड़ा, राजेश्वर दीवान, आशुतोष द्विवेदी, अनिंद त्रिपाठी, नटराज सिंह, भारत तोलानी, लक्ष्मी दयाल पटेल, मनीष सोनी, नरेंद्र टाण्डे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## युवाओं को चाहिए कि वे कर्मशील बनें: चिन्मयानंद

**लोरमी।** नगर के मानस मंच में चल रही श्री राम कथा के अष्टम दिवस की शुरुआत करते हुए चिन्मयानंद बापू कहां कि मानव जीवन का लक्ष्य परमात्मा है और लक्ष्य है मानव का तन मिलना यह सरल नहीं है। देवताओं के लिए मानव तन मिलना बडा दुर्लभ है। परमात्मा ने एक चांस देने के लिए हमें वहां से उठाया भगवान की कितनी बड़ी करुणा है कितनी बड़ी कृपा है कि हमें शरीर दिया बुद्धि दी हाथ पर दिए आंखें दी मन दिया। बापू ने कहा भोग जरूरी है लक्ष्य नहीं। मानव तन का फल विषय नहीं है। बापू ने कहा कि जैसे भगवान का विवाह हुआ इसी पद्धति से चारों भाइयों का विवाह हुआ भगवान विदाई करके अयोध्या वापस आए माता सीता आने पर अयोध्या को सजाया गया। माता कौशल्या राम के कक्ष में गई राम से बोली अपने ताड़का को मारा अहिल्या को तारा जो बड़े-बड़े धनुष ने उठा सके उसे धनुष को खेल-खेल में अपने तोड़ दिया। आप मानव नहीं हो सकते आप परम ब्रह्म हैं। मैं आपको पहचानती हूं। बापू ने कहा कि युवाओं को चाहिए कि वे कर्मशील बनें, आलसी नहीं होना चाहिए। सुबह जल्दी घर के काम में पिता का हाथ बटाएं। अपनी जिम्मेदारी समझें।

## विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से प्रस्तुत की वीर सेनानियों की गाथा



**तखतपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वीरगाथा पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय में वीरता और देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु वीरगाथा विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से भारतीय सैनिकों, स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनायकों की वीरगाथाओं को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। विद्यालय परिसर में रंगों और देशभक्ति के उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र शुक्ला ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में देशप्रेम, समर्पण और साहस की भावना को प्रबल करते हैं। निर्णायक मंडल द्वारा श्रेष्ठ चित्रों का चयन किया गया तथा विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रश्मि मिश्रा ने किया और आभार प्रदर्शन मिनाज खान ने किया।इस अवसर पर बी आर सूर्यवंशी, मीनाक्षी शर्मा, जे डी कुजूर, जी डी वैष्णव, कामिनी गुप्ता, महेश्वरी सिन्हा, स्वीटी सिंह, दिव्या मिश्रा, संदीप ध्रुव, पुष्पेंद्र दुबे, मयंक यादव, अंकित विश्वकर्मा, पारुल यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जर्जर सड़कों की मरम्मत का काम शुरू



**मुंगेली।** जिले की जर्जर सड़कों की सूध ली जा रही है। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के निर्देश पर कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में लोक निर्माण विभाग मुंगेली संभाग द्वारा शहर के पड़ाव चौक से लोरमी रोड बायपास मार्ग पर बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य प्रारंभ किया गया। कार्यपालन अभियंता एसके सतपथी ने बताया कि डब्ल्यू.एम.एम. मोटाई, बी.एम. 50 एम.एम. मोटाई एवं एम.एस.एम. 20 एम.एम. मोटाई के साथ सुदृढ़ीकरण का कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 में इस मार्ग का स्थायी सुधार कार्य प्रस्तावित है। सड़क किनारे रहने वाले नागरिकों से अपील की है, कि सड़क निर्माण एवं मरम्मत कार्य के दौरान सहयोग प्रदान करें ताकि कार्य शीघ्रता से पूर्ण किया जा सके और आम जनता को बेहतर सड़क सुविधा मिल सके। यह मार्ग शहर का अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है, जिससे प्रतिदिन भारी संख्या में वाहनों का आवागमन होता है। लंबे समय से सड़क की जर्जर स्थिति से आमजनों को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसके अलावा भी रायपुर रोड से जिला अस्पताल जाने वाली सड़क तथा अन्य मरम्मत योग्य सड़कों की सुध लेकर उन पर कार्य प्रारंभ किया जा रहा है।

## भारत के विकास में महिलाओं के योगदान पर व्याख्यान



**मुंगेली।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर बड़ा बाजार में किया गया। जिसमें कुटुंब प्रबोधन की भारतीय दृष्टि, पर्यावरण के संबंध में भारतीय दर्शन और व्यवहार, भारत के विकास में महिलाओं का योगदान, विषयों पर व्याख्यान दिया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कुटुम्ब प्रबोधन गतिविधि के माध्यम से समाज में पारिवारिक आत्मीयता एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का भाव जागृत करने के प्रयास किये जाते हैं। इसके लिए विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में लगभग 110 मातृ शक्तियों ने हिस्सा लिया। मुख्य प्रवक्ता के रूप में गीता सोनी, मंजुला शर्मा, आराधना तिवारी, रश्मी तिवारी, संगीता साहू, नंदिनी साहू और अनामिका वैष्णव साथ ही पार्षद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्टाफ नर्स, समाजसेविका दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की संयोजिका पूजा श्रीवास्तव, दीपाली श्रीवास्तव, मंजू ताम्रकार, शालिनी सोनी, प्रिया यादव एवं समस्त दीदी उपस्थित रहीं। विद्यालय परिवार की उपस्थिति प्रधानाचार्य सतीश कुमार बघेल, पूर्व प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाण्डेय उपस्थित रहे। विवेकानंद बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रकाश लोढ़ा, कोषाध्यक्ष जेठमल कोटड़ियां एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## चोरी का आरोपी व माल खरीदने वाला गिरफ्तार





**तखतपुर।** मंदिर में चोरी करने एवं चोरी का माल खरीदने वाले सराफा व्यापारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी विवेक पाण्डेय ने बताया कि प्रार्थी श्याम कुमार प्रधान निवासी बेलसरी का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 2 नवम्बर की दरमियानी रात में अज्ञात चोर ग्राम बेलसरी बहेरा घाट मंदिर मे घुसकर शिव जी के मूर्ति में लगे चांदी के नयन व मुकुट को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया। चोरी जैसे गंभीर मामले मे त्वरित कार्रवाई करते हुये टीम गठित कर घटना के आस पास के लोगो से पुछताछ सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदेही महेश केवट को से पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा चांदी का मुकुट व 2 नग चांदी का नयन चोरी करना स्वीकार किया व चोरी गये सामान को सराफा व्यापारी जितेन्द्र जाधव के दुकान मे बेचना बताया। जितेन्द्र जाधव के कब्जे से चांदी के नयन व मुकुट को बरामद किया गया। आरोपी महेश केंवट पिता टेटकू राम केवट उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम बेलसरी, जितेन्द्र जाधव पिता बलीराम जाधव उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 तखतपुर जिला बिलासपु आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## की जा रही मजदूर व बारदाने की व्यवस्था

# धान की फसल तैयार, कटाई के काम में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

दीपावली एवं एकादशी त्यौहार के बाद किसान फसल कटाई में जुट गए हैं। धान कटाई एवं मिसाई के लिए मजदूर एवं बारदाने आदि की व्यवस्था की जा रही है। जल्द पकने वाला हरूना धान काफी पहले से पककर तैयार हो गया है। जिसे किसान मजदूरों एवं घर परिवार के साथ मिसाई में जुटे हुए है। कुछ गांवों में अभी से धान कटाई के लिये मजदूर नहीं मिलने की बाते भी सामने आ रही है। मौसम ने भी अब किसानों का साथ दिया। कई दिनों से धूप खिल रही है। ऐसे में खेतों में भरा पानी सूख गया और नमी गायब हो गई। समय और परिस्थिति धान की कटाई के लिए अनुकूल माना जा रहा है।

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 15 नवंबर से शुरू होगी और 31 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए सरकार 3100 प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदेगी। जिले में अधिकांश किस्म का धान खेतों में पककर तैयार हो चुका है। जिले के कुछ क्षेत्रों में धान कटाई शुरू हो चुकी है। किसान अपने परिवार सहित धान कटाई करने में अपने खेतों की ओर रूख कर रहे है। 15 नवम्बर से समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीदी शुरू होने के साथ उपार्जन केन्द्रों में बंपर आवक होगी। साधन संपन्न सक्षम किसान खेतों से पानी सूखने के बाद अब हार्वेस्टर से धान कटाई की मानसिकता बना रहे है। धान रखने के लिए बारदाना की व्यवस्था में किसान जुटे हुए है। बाजार में बारदाने की पूछ-परख बढ़ गई है। जिला मुख्यालय के आसपास गांव के अलावा अंदरूनी ईलाकों में अब धान कटाई के लिए मजदूर नहीं मिल रहे है।



कटाई के लिए तैयार धान की फसल।

किसान मजदूर नहीं मिलने से पूरे परिवार के लोग खेत पर पहुँचकर धान कटाई कर रहे है वहीं समृद्ध किसान हार्वेस्टर के माध्यम से धान कटाई की तैयारी में जुट गए है। कम रकबा वाले किसान मजदूर नहीं मिलने से स्वयं धान काटने के लिए मजबूर है। गांव का युवा वर्ग तो धान काटने के लिए सामने नहीं आते है, केवल महिलाएं एवं अधेड़ ही लोग धान काटने के लिए खेतों में पहुँच रहे है। ग्रामीण क्षेत्र का युवा वर्ग खेती काम से दूर होता जा रहा है, मोबाईल की दुनिया ने उनको खेती किसानी कार्य से दूर कर दिया है। खेती किसानी का काम करना अब लगातार मंहगा साबित होते जा रहा है। क्षेत्र में लगी सरना धान की फसल अभी लेट है।

## कांग्रेस की बैठक में शामिल हुए कार्यकर्ता



बैठक में उपस्थित कांग्रेसजन।

**मुंगेली।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष स्वतंत्र मिश्रा के द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया शहर के प्रत्येक बूथ पर बीएलए का गठन किए जाने हेतु बैठक आहूत की गई। जिसमें जिला संयोजक के रूप में हेमेंद्र गोस्वामी को दायित्व सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा एवं इंदिरा मंडल क्रमांक 1 के प्रभारी के रूप में दीपक गुप्ता एवं राजीव मंडल क्रमांक 2 अरविंद वैष्णव एवं संयोजक जीतू श्रीवास्तव और जय सोनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थितगण थानेश्वर साहू, दिलीप बंजारा, उर्मिला यादव, सागर सोलंकी, जय सोनी, नारद देवांगन, आरिफ खोखर, नीरज यादव, जलेश यादव, संजय चंदेल, रवि कोसले, दिलीप सोनी, कुलदीप पाटले, संजय सिंह, अजय साहू, श्री निवास, भूपेंद्र साहू, प्रतीक ताम्रकार, बसीर खान, विष्णु खांडे, रमेश देवांगन, अजय यादव आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### निर्वाचन के लिए नामांकन पत्र मिलेगा आज

**बिलासपुर।** भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित बिलासपुर का निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। समिति के रिटर्निंग अधिकारी ने बताया कि संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए 10 नवम्बर को नामांकन पत्र प्राप्त किया जाएगा। 16 नवम्बर को आमसभा कर मतदान एवं उसके पश्चात मतगणना की जाएगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का निर्वाचन 22 नवम्बर को किया जाएगा।

### मतदाता सूची पर दावा आपत्ति 14 तक

**बिलासपुर।** अरपांचल प्राथमिक सहकारी उपभोक्ता भंडार मर्यादित जबड़ापारा के मतदाता सूची का प्रथम प्रकाशन कर दिया गया है। सूची के संबंध में दावा आपत्ति 9 नवम्बर से 14 नवम्बर तक दोपहर 12 बजे समिति कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं। आपत्तियों का निराकरण कर सूची का अंतिम प्रकाशन 14 नवम्बर को किया जाएगा।

### स्वास्थ्य विभाग में संविदा नियुक्ति, आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत विभिन्न रिक्त पदों पर संविदा नियुक्ति के लिए 14 नवम्बर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन एवं अनिवार्य नियम एवं शर्तें जिले की वेबसाईट bilaspur.gov.in में दिए गए लिंक के माध्यम से देखा एवं आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### आंबा कार्यकर्ता के रिक्त पद पर आवेदन 20 तक

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सकरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र देवरीखुर्द में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 1 रिक्त पद पर 20 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इस संबंध में जानकारी कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदिका को उसी ग्राम की निवासी होना अनिवार्य है, जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र स्थित है। इच्छुक आवेदिका निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन सीधे अथवा पंजीकृत डाक से परियोजना कार्यालय में जमा कर सकती हैं।

### नंबर प्लेट बदलने आवेदन 30 तक

**बिलासपुर।** जिले में एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा पहल की जा रही है। 3 से 30 नवंबर तक आनलाइन आवेदन किए जा सकेंगें। इसके लिए शिविर का संचालन किया जाएगा। खास बात यह है कि परिवहन सुविधा केन्द्र के माध्यम से लोगों को सहुलियत दी जाएगी। इस दौरान जिला न्यायालय, तहसील कार्यालय, कलेक्टोरेट, सिम्स, जिला अस्पताल, उस्लापुर रेलवे स्टेशन, मुंगेलीनाका चौक, यातायात थाना, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, कोनी थाना, सुंदरलाल शर्मा विवि, एनटीपीसी सीपत, रेलवे स्टेशन, डीआरएम कार्यालय सहित शहर के कई जगहों पर एक साथ शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### पालना सहायिका के रिक्त पद के लिए आवेदन

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकंडा अंतर्गत नगर निगम बिलासपुर के वार्ड क्र 68 गुरू घासीदास विश्वविद्यालय के पास देहान पारा छोटी कोनी में पालना सहायिका के 1 रिक्त पद पर 17 नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका 17 नवम्बर तक कार्यालय में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से आवेदन कर सकती हैं। अधिक जानकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा के सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है।



## धान की फसल पककर तैयार, खरीदी शुरू होने का इंतजार

**बिलासपुर।** गावों में धान की फसल पककर तैयार हो चुकी है। धान की अर्ली वेरायटी की कटाई तो दस दिनों पहले ही प्रारंभ हो चुकी थी, लेकिन अब लेट वेरायटी के भी तैयार होने के बाद किसान फिलहाल कटाई की तैयारी कर रहे हैं। कई जगह कटाई शुरू भी हो चुकी है। धान की खेती करने वाले किसान अब खरीदी शुरू होने का इंतजार करने लगे हैं।

- खेतों में नजर आ रहे किसान
- हार्वेस्टर गांव-गांव पहुंचे

धान की फसल पककर तैयार है और किसानों के पास अब आराम से बैठने का भी समय नहीं है। गांवों में इन दिनों किसान पूरे परिवार के साथ फसल की कटाई करते खेतों में ही नजर आ रहे हैं। महामाया जैसी 90 दिनों में पक जाने वाली अर्ली वेरायटी तो दस दिनों पहले से ही काटी जाने लगी है। इसके साथ ही अब लेट वेरायटी वाली किस्मों के भी पक जाने के कारण किसानों ने कटाई प्रारंभ कर दी है। धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ हो जाएगी, जिसे ध्यान में रखकर भी किसान जल्दी कटाई व मिसाई कर समितियों में धान बेचकर फुर्सत होने के प्रयास में हैं। इधर सीजन प्रांरभ हो जाने के कारण हार्वेस्टर एवं थ्रेशर का धंघा करने वालों ने गांव-गांव में अपना डेरा जमा लिया है। बीते दिनों हुई बारिश ने न केवल किसानों बल्कि हार्वेस्टर संचालकों की भी चिंता बढ़ा दी है। बारिश के कारण कहीं खेतों में पानी है तो कहीं-कहीं नमी बची हुई है, जिससे हार्वेस्टर का कटाई व मिसाई कर पाना संभव नहीं है। खेत में हार्वेस्टर फंसने का खतरा भी बना हुआ है, जिससे प्रभावित किसान हंसिया से पुरानी पद्धति से भी धान की कटाई करवा रहे हैं।

प्रत्येक वर्ष सड़क हादसों में होने वाली मौतों के आंकड़े में 8 फीसदी हिस्सेदारी बिलासपुर जिले की

# सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहीं ओवरलोड गाड़ियां दो सालों में ही 400 से अधिक लोगों की जानें गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला प्रशासन, पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी के कारण ओवरलोड ट्रक,डंपर, ट्रैक्टर ट्रॉली और यहां तक की बसों में भी सड़क पर सरपट दौड़ते हुए दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं। ओवरलोड वाहनों के चलने से सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं। इन गड्ढों में भारी वाहनों के फंस जाने से कई घंटों तक जाम लग जाता है। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में प्रत्येक वर्ष सड़क हादसों में होने वाली मौतों के आंकड़े में 8 फीसदी हिस्सेदारी बिलासपुर जिले की है। बीते दो सालों की ही बातें करें तो 400 से अधिक लोगों की जानें जा चुकी हैं। हादसों की वजह औवर लोड गाड़ियां, रोड इंजीनियरिंग में कमी और ब्लैक स्पॉट है। इसके साथ ही सड़कों पर खड़े वाहन, बैक लाइट न होना, रिफलेक्टर की कमी, चौक-चौराहों पर पर्याप्त ट्रैफिक सिग्नल न होना, नशे में वाहन चलाना भी प्रमुख वजहें हैं।

- बैक लाइट न होना, रिफलेक्टर की कमी, पर्याप्त ट्रैफिक सिग्नल न होना, नशे में वाहन चलाना भी प्रमुख वजहें

क्षेत्र में तेज रफ्तार और क्षमता से अधिक भार वाले वाहनों के कारण सड़कें जानलेवा बन गई हैं। इसके बावजूद, प्रशासन और पुलिस की लापरवाही जारी है। कोनी से लेकर शहर तक, नेहरू चौक से लेकर मंगला और उसलापुर तक, दयालबंद से सिरगिट्टी तक हर तरफ अक्सर छोटे और बड़े वाहन क्षमता से कई गुना अधिक सवारियां भरकर बेखौफ दौड़ते देखे गए। हरिभूमि ने दुर्घटनाओं की वजह जानने मुख्य मार्ग के अलावा शहर के भीतर पड़ताल की। इस दौरान कई खामियां निकलकर सामने आईं। 32 सीटर बस में 60 से अधिक सवारियां भरी जा रही हैं।



### ओवरलोड गाड़ियों से दुर्घटना का खतरा बढ़ने के ये हैं कारण

- नियंत्रण में कमीः वाहन पर अतिरिक्त भार डालने से उसका संतुलन बिगड़ता है, जिससे चालक के लिए वाहन को नियंत्रित करना कठिन हो जाता है।
- ब्रेक और टायर पर दबावः ओवरलोडिंग से ब्रेक और टायरों पर दबाव पड़ता है, जिससे उनके खराब होने या जल्दी घिसने का खतरा रहता है।
- सस्पेंशन पर प्रभावः अतिरिक्त भार के कारण वाहन का सस्पेंशन खराब हो सकता है, जिससे सवारी की गुणवत्ता और स्थिरता प्रभावित होती है।
- कमजोर हैंडलिंगः वाहन की हैंडलिंग कमजोर हो जाती है, जिससे चालक की वाहन को नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है, खासकर अगर अचानक ब्रेक लगाने की ज़रूरत पड़े।

### यहां खड़े होते हैं वाहन

बिलासपुर से मस्तूरीः ढेका, दर्रीघाट, मस्तूरी पेट्रोल पंप
बिलासपुर से बिल्हा मोडः तिफरा, परसदा, हिर्री, बिल्हा मोड़
बिलासपुर से तखतपुरः गोकने नाला, पेंड्रीडीह बाइपास, कोटा मोड़
बिलासपुर से कोटाः भरनी, चोरभट्टी मोड़, गनियारी, कोटा चौक
बिलासपुर से रतनपुरः महामाया चौक, सेंदरी, गतौरी, रानीगांव
बिलासपुर से सीपतः राजकिशोर नगर चौक, मोपका चौक, मटियारी



### यह देखी गई स्थिति

तिफरा व हाईटेक बस स्टैंड के बीच कम से कम तीन तिराहे हैं, लेकिन वाहनों को नियंत्रित करने के लिए सिग्नल ही नजर नहीं आया। इसके अलावा कई भारी वाहन सड़क किनारे बिना बैक लाइट व रिफलेक्टर के खड़े थे। यही स्थिति पेंड्रीडीह बाइपास चौक की दिखी। उसलापुर से पहले पुराने एफसीआई गोदाम के सामने एक बाइपास है जो मुख्य मार्ग में मिली है। यहां से भारी वाहनों के अलावा मुंगेली, कवर्धा, पंडरिया की बसें भी गुजरती हैं। यहां आए दिन घटना होती है। शनिवार को भी ओवरलोड वाहन बेधड़क गुजरते नजर आए। चौक में न सिग्नल है और न यातायात पुलिस नजर आई। पुराना बस स्टैंड चौक की एक तरफ सड़क में आटो पार्किंग तो दूसरी तरफ बाइक, कार खड़ी हुई थी। कोरबा-रतनपुर मार्ग पर स्थित महामाया चौक की हालत और बदतर थी। चौक से लेकर लोधीपारा तक सड़क की चौड़ाई कम है। इसके बावजूद सड़क पर चार से पांच बसें खड़ी थीं।

### डिवाइडर में रेडियम नहीं

इसके साथ ही बिलासपुर से रायपुर मार्ग पर फोरलेन व सिक्सलेन तो बना दिया गया है, लेकिन यहां लाइट नहीं जलती है। डिवाइडर में रेडियम तक नहीं है। इसके कारण रात में डिवाइडर, मवेशी नजर नहीं आते हैं। साथ ही वाहन चालक अपर-डिपर का उपयोग नहीं करते हैं।

## दूसरे की जमीन को बेचने का कर लिया एग्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक व्यक्ति ने सकरी स्थित दूसरे की 3 एकड़ 57 डिस्मिल को 1 करोड़ 10 लाख रुपए में बेचने का एग्रीमेंट कर लिया, फिर 11 लाख रुपए एडवांस ले लिया। पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन थाना के एसआई विष्णु यादव ने बताया, वेयर हाउस निवासी सुधीर गुप्ता खरीदने के लिए जमीन की तलाश कर रहे थे। इसी दौरान राजकिशोर नगर निवासी अतुल दुबे से जान पहचान हुई, उसने सकरी स्थित 3 एकड़ 57 डिस्मिल जमीन को अपनी जमीन बताते हुए बेचने की बात कही। श्री गुप्ता ने उसके साथ सकरी में जाकर जमीन देखा, पसंद आने पर उनके बीच उक्त जमीन का 1 करोड़ 10 लाख रुपए में बेचने का सौदा तय हो गया। श्री गुप्ता ने अतुल दुबे से एग्रीमेंट कराकर 11 लाख रुपए एडवांस दे दिया और शेष रकम जमीन की रजिस्ट्री के बाद देने की बात हुई थी। श्री गुप्ता ने उन्हें जमीन की रजिस्ट्री कराने कहा तो वह टालमटोल करने लगा। कई बार बोलने के बाद भी रजिस्ट्री नहीं कराने पर उन्होंने जमीन के संबंध में पतासाजी की तो उक्त जमीन दूसरे की निकली। उन्होंने अतुल दुबे से एडवांस की रकम 11 लाख रुपए वापस मांगा तो वह घुमाने लगा। लगातार मांग करने पर अतुल दुबे ने दिसंबर 2024 तक एडवांस की राशि लौटा देने का एग्रीमेंट कराया। दिसंबर माह गुजर जाने के बाद भी वह पैसा लौटाने में टालमटोल कर रहा है। श्री गुप्ता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अतुल दुबे के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

- आरोपी ने की 11 लाख की ठगी

## कोनी की तीन कबाड़ी दुकानों पर छापा, कबाड़ी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

थानेदार के बदलते ही कोनी क्षेत्र के तीन कबाड़ी दुकानों में पुलिस ने छापा मारकर चोरी का सामान खरीदने पर कबाड़ जब्त कर कबाड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है।




आरोपी।

नए कोनी टीआई भावेश सेंडे को शिकायत मिली क्षेत्र में संचालित कबाड़ी दुकानों में चोरी का सामान खरीदी बिक्री की गई है। उन्होंने स्टाफ के साथ गतौरी स्थित सीपत मोहरा निवासी पवन सूर्यवंशी पिता सरोज लाल 30 साल के कबाड़ी दुकान में दबिश देकर लोहे का टीना, पाट्‌र्स, राड सहित 3 क्विंटल कबाड़ जब्त किया गया है। इसी तरह गतौरा निवासी केशा बाई साहू पति स्व. रामलाल 40 साल के कबाड़ दुकान से 8 क्वीटंल व अशोकनगर निवासी अकबर खान पिता सव. लतीफ माहम्मद 42 साल के कबाड़ दुकान से 4 क्विंटल कबाड़ जब्त किया गया है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 35 ख, 1 ड, 303, 2 के तहत कबाड़ जब्त कर कबाड़ियों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि तीनों कबाड़ी दुकान लंबे समय से संचालित हो रहे थे, किन्तु पूर्व में तीनों कबाड़ी दुकानों में जांच नहीं की जा रही है। बेखौफ होकर तीनों कबाड़ी चोरी का सामान खरीदी बिक्री कर रहे थे।

### शहर के अन्य कबाड़ियों की नहीं हो रही जांच

पिछले दिनों नगर निगम की टीम ने सरकण्डा क्षेत्र के कई कबाड़ी दुकान में दबिश देकर भारी मात्रा में कबाड़ जब्त कर दुकानों को सील कर दिया गया था। उसके बाद कार्रवाई थम गई, जबकि शहर के रिहाईसी इलाका खपरगंज, तालापारा, भारतीयनगर, मंगला, 36 सिटी मॉल, यदुनंदन नगर, सिरगिट्टी एरिया, परसदा, चकरभाठा, पेण्ड्रीडीह में बड़े कबाड़ दुकान शान से चल रहे है। उक्त कबाड़ दुकान व गोदाम की जांच नहीं की जा रही हैं।

## बाइक सवार दो भाइयों को ट्रेलर ने मारी टक्कर, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बाइक सवार दो भाइयों को बेलगाम ट्रेलर के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में बड़े भाई की मौत हो गई। वहीं छोटा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सिम्स चौकी के प्रधान आरक्षक राजकुमार साय ने बताया, जयरामनगर बेलटुकरी निवासी राज कौशिक पिता विश्राम कौशिक 23 साल प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। शनिवार की शाम 5 बजे वे बाइक की किश्त पटाने के लिए अपने छोटे भाई राजीव कौशिक के साथ बाइक से सीपत जा रहे थे। एनटीपीसी मोड़ के पास सामने से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एस, 5407 के चालक ने तेज गति से लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए और उनकी सोल्ड बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद घायल दोनों भाइयों को इलाज के लिए सिम्स लाया गया, जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद राज कौशिक को मृत घोषित कर दिया गया है। वहीं छोटे भाई के पैर की हड्डी फ्रैक्चर हो गई है। स्थिति को देखते हुए परिजन ने उसे निजी हास्पिटल में भर्ती कराया है। सिम्स चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



मृतक।

### शादी की खुशी मातम में बदली

मृतक के मामा दर्राभाठा निवासी श्रवण कश्यप ने बताया, तीन भाइयों में मृतक सबसे बड़ा था। उसकी शादी तय हो गई थी और 8 दिन बाद शादी होने वाली थी। घर में शादी की तैयारी जोरों से चल रही थी और खुशी का महौल था। सड़क हादसे में मृत्यु की सूचना मिलते ही घर में मातम छा गया है।

### प्रार्थना सभा में धर्मान्तरण का प्रयास, मचा हंगामा

**बिलासपुर।** घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर ग्रामीणों को प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की कोशिश करने वाले ग्रामीण के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। रविवार को मस्तूरी क्षेत्र के हिंदू संगठन के सदस्यों को सूचना मिली ग्राम किरारी में एक व्यक्ति अपने घर में प्रार्थना सभा आयोजित कर ग्रामीणों को एकत्रित कर कई तरह के प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने की कोशिश कर रहा है। हिंदू संगठन के सदस्य किरारी निवासी जवाहर बसंती पिता चरण सूर्यवंशी के घर गए तो वहां बड़ी संख्या में हिंदू समाज के ग्रामीण एकत्रित थे और मकान मालिक जवाहर बसंती के द्वारा ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार किया जा रहा था। हिंदू संगठन के सहस्यों ने धर्मान्तरण का विरोध कर जमकर हंगामा मचाया। उसके बाद सभा में शामिल होने गए हिंदू समाज के लिए सभा छोड़कर भाग गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। हिंदू संगठन के लोग मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए हंगामा मचाने लगे। पुलिस ने हिंदू संगठन के सदस्य भदौरान निवासी पूर्णेन्द्र शर्मा पिता कृष्ण कुमार शर्मा 39 साल की रिपोर्ट पर जवाहर लाल बसंती को गिरफ्तार कर लिया।

## दो पक्षों में मारपीट, एक युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट कर दी गई है। एक पक्ष के एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

सकरी पुलिस के अनुसार, परसदा निवासी आकाश भास्कर पिता प्रकाश भास्कर ने रिपोर्ट लिखाई। 8 नवंबर की रात 10.30 बजे पुरानी रंजिश को लेकर पड़ोसी काम्ता लहरे, उसका बेटा आकाश लहरे, विकास लहरे अपने घर के पास उन्हें देखकर गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो तीनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने घर से अन्य लोगों को बुलाकर हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से परसदा निवासी इंद्रजीत लहरे ने आरोप लगाया है कि वह अपने घर के पास खड़ा था। इसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर उनके चचरे भाई काम्ता लहरे गाली गलौज करने से मना किया तो आकाश भास्कर ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की है। इंद्रजीत व श्वेता बीच बचाव करने गए तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने आकास भास्कर की रिपोर्ट पर काम्ता लहरे, आकास लहरे, विकास लहरे व अन्य के खिलाफ व इंद्रजीत की रिपोर्ट पर हमलावर आकाश भास्कर व उसके अन्य साथियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## दुकानदार की आंख में धूल झोंककर 30 हजार का सामान चोरी, बेचने वाले 3 नौकर गिरफ्तार

**बिलासपुर।** दुकानदार की आंख में धूल झोंकर काम करने के दौरान 30 हजार का सामान पार कर बेचने वाले तीन नौकरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, बन्नाक चौक निवासी पीएन मिश्रा घर के नीचे नल पाट्‌र्स की दुकान चलाते हैं। विगत कुछ समय से उनकी दुकान से लगातार नल की टोंटी सहित अन्य सामान की चोरी हो रही थी। पूछताछ के बाद भी काम करने वाले नौकर अनभिज्ञता जाहिर कर रहे थे। उन्होंने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो दुकान के नौकर नल के पाट्‌र्स चोरी कर बाहर निकलते दिखाई दिए। उन्होंने नौकरों से पूछताछ की तो वे चोरी करने से इनकार करने लगे। बताया जाता है नौकर दुकान से नल के पाट्‌र्स चोरी करने के बाद मार्केट में सस्ते दामों में बेच रहे थे। श्री मिश्रा ने सीसीटीवी फुटेज सहित घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर नौकर पृथ्वी कश्यप, कुश साहू व ड्राइवर शोमनाथ के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।

हरिभूमि आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152



By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढ़ा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411